Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel**: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.


Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

12.5 अरब साल पुरानी सुपरनोवा ब्रह्मांड में मिली

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी सुपरनोवा खोजी है जो



तकरीबन 12.5 अरब साल पुरानी है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजी गई यह सुपरनोवा को अब तक देखी गई सबसे दूर की सुपरनोवा माना जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे ब्रह्मांड में तारों के जन्म और

पाक में सड़क हादसा, 11 की मौत, 30 घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार



बस डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में महिलाओं और बच्चों की भी जान गई है।

महिला सांसद ने गंवाए दोनों पैर, हालत गंभीर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की निर्दलीय सांसद हेलेन हेन्स की एक कार से



टक्कर मारकर किए गए हमले के बाद दोनों टांगें काटनी पड़ी हैं। कार से बार-बार टक्कर मारने के बाद उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उनके पति ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस घटना को राजनीतिक हिंसा से जोड़कर देखा जा रहा है।

फ्रांस में लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

पेरिस। फ्रांस के पूर्वी हिस्से में एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो



गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के अनुसार, मिराज 2000डी लड़ाकू विमान मंगलवार देर शाम एक मिशन से लौटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना का एक लड़ाकू पायलट और एक हथियार प्रणाली अधिकारी सवार

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा बयान

भारत-यूएस व्यापार डील के बेहद करीब, यह काफी अलग



डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब हैं और यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप ने मंगलवार को ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय) में पत्रकारों से कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब पहुंच गए हैं।

उन्होंने कहा कि वे (भारत) समझौता करना चाहते हैं। हम समझौता करेंगे। हां, हम इसके काफी करीब हैं। यह समझौता अब तक किए गए हमारे समझौतों से काफी अलग होगा।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की यात्रा के दौरान व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत

पाक-यूएस रिश्ते भारत की कीमत पर नहीं

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और



इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता। रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की जरूरत पर जोर दिया। मुंबई में अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि उसके साझेदार भी आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का रुख अपनाएंगे। जयशंकर ने कहा कि मुंबई और अमेरिका के संबंधों की शुरुआत पुराने दौर में बर्फ के व्यापार से हुई थी।

कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवाद पर गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान

दशकों से आंतरिक सुरक्षा के 3 हॉटस्पॉट वर्तमान में शांति और विकास की राह पर

कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल रही है और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की कि वे 'नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 'फाइट अगेन्स्ट ड्रग्स' के संदेश पर आयोजित एक देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

- पांच दशकों से फैली नक्सल समस्या को लगभग खत्म किया

इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में देश ने कई चुनौतियों का सामना किया है। इनमें तीन ऐसी बड़ी समस्याएं शामिल थीं, जिन्हें हमने दशकों तक झेला और जो हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील इलाके माने जाते थेः कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित पूरा क्षेत्र।

आज, ये तीनों इलाके शांत हैं। यहां विकास के लिए अनुकूल माहौल बना है और ये क्षेत्र अब विकास के मामले में देश के बाकी हिस्सों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

2029 तक नशा-मुक्त भारत का लक्ष्य

अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अगले साढ़े तीन वर्षों- 2026 के बचे समय सहित 2027, 2028 और 2029 में नशीले पदार्थों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का फैसला किया है। लक्ष्य है 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा-मुक्त बनाना। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक बहुत महत्वपूर्ण लक्ष्य है, जो तीन हॉटस्पॉट से निपटने से भी कहीं अधिक अहम है। नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल रही है और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की कि वे 'नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करें और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा

सीएपीएफ जवानों का आभार जताया

अमित शाह ने सीमाओं और देश भर में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जवानों का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि मैं सीमाओं पर तैनात और देश के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सभी सीएपीएफ जवानों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। वे अपने घरों से दूर रहकर हर मौके पर सतर्क रहते हैं-चाहे चुनाव हो, कोई त्योहार हो, विरोध-प्रदर्शन हो या फिर सीमा सुरक्षा का मामला हो। वे देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं। शाह ने जोर दिया कि लोकतंत्र की रक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने में

आज पूरा देश चुनावी हिंसा से मुक्त हो गया

अमित शाह ने कहा कि देश के लोकतंत्र की रक्षा हो या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुचारु रूप से संचालित करना, हम केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बिना इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि यूपी और बिहार से तो चुनावी हिंसा को समाप्त करने में देश सफल रहा था, परंतु बंगाल में चुनावी हिंसा लंबे समय से चलती रही। बंगाल विधानसभा के हाल में संपन्न चुनाव में एक भी व्यक्ति की मृत्यु के बिना चुनाव पूरा कराने में हमारे सुरक्षा जवानों को बड़ी सफलता मिली और ऐसा करके केंद्रीय सुरक्षा बलों ने एक नया मानक स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश मानता

पीएम मोदी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस पर उन बहादुर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि पुलिस स्मृति दिवस हमारे पुलिस कर्मियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त करने का अवसर है, जो अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने से लेकर अपराधों से लड़ने, आपातकालीन स्थितियों में मदद करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक, उनका योगदान अमूल्य है। हम उन बहादुर पुलिस कर्मियों को सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका साहस,

यूएन में भारत ने उठाया सुरक्षा का मुद्दा

अंतरिक्ष सभी का, टकराव की जगह सहयोग का क्षेत्र हो, कानून की मांग

एजेंसी, न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि बाहरी अंतरिक्ष को टकराव की जगह सहयोग का क्षेत्र होना चाहिए। साथ ही, भारत ने अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के लिए एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता करने की मांग की है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली समिति में बाहरी अंतरिक्ष पर भारत का पक्ष रखते हुए, सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक प्रमुख देश है। हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम के विकास और सुरक्षा,

हथियारों की होड़ रोकने बनाएं कानूनी समझौता



सांसद सुधा मूर्ति

बाहरी अंतरिक्ष के क्षेत्र में नए पक्षों के आने का जिक्र करते हुए मूर्ति ने कहा कि दोहरे उपयोग वाली अंतरिक्ष तकनीकें और संपत्तियां अब एक वास्तविकता बन गई हैं। भारत ने बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के लिए एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते की अपनी मांग दोहराई। भारत का मानना है कि यह समझौता ऐसा होना चाहिए जिसे सभी स्वीकार करें, जिसकी पुष्टि की जा सके।

नियम सभी के लिए समान हों

मूर्ति ने कहा कि भारत ऐसे नियमों का भी स्वागत करता है जो सभी के लिए समान हों, भेदभाव रहित हों और बाध्यकारी न हों। साथ ही, भारत पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने वाले उपायों का भी समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि ये उपाय एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते के पूरक तो हो सकते हैं, लेकिन उसका विकल्प नहीं बन सकते।

भारत दौरे पर पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क

आज पीएम मोदी से करेंगे भेंट आपसी सहयोग पर होगी चर्चा



पीएम मोदी और डोनाल्ड टस्क फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। वे 23 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनके साथ पोलैंड के वित्त मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की तथा व्यापार जगत के प्रतिनिधि भी आएंगे। पोलैंड के पीएम गुरुवार को हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत और पोलैंड के संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान होगा और प्रेस वक्तव्य जारी किए जाएंगे।



रक्षा सचिव की मौजूदगी में एमओयू

हर ड्रोन पर होगी भारत की पैनी नजर

रडार खरीद के लिए बीईएल के साथ 770 करोड़ रुपए का करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 770 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत निम्न-स्तरीय हल्के रडार (एलएलएलआर-आई) की खरीद के लिए अनुबंध किया है। नई दिल्ली में आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने बताया कि यह रडार लड़ाकू विमानों के साथ-साथ छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन पर नजर रखने में सक्षम है। इसमें हवाई लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की सुविधा भी है।

युद्ध के बदलते तौर तरीकों में जरूरी हो गई है तत्परता और आत्मनिर्भरता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना का सर्वोच्च स्तरीय द्विवार्षिक मंच सेना कमांडरों का सम्मेलन बुधवार से शुरू हुआ। सेना प्रमुख (सीओएएस) की अध्यक्षता में आयोजित यह सम्मेलन 21 से 23 तक नई दिल्ली में हो रहा है। इस सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि युद्ध के बदलते तौर-तरीकों और भविष्य के संघर्षों से निपटने के लिए तत्परता और आत्मनिर्भरता होना जरूरी है। उन्होंने थल युद्ध सिद्धांत का विमोचन किया। यह सिद्धांत भारतीय सेना को युद्ध के बदलते स्वरूप और भविष्य के संघर्षों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करेगा।

जबलपुर
गुरुवार 22 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 21, अंक : 169
पृष्ठ : 12+4=16 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 18

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

तीन दिन 20 से ज्यादा जिलों में बारिश के आसार

भोपाल। मप्र के 20 से अधिक जिलों में अगले तीन दिन तक अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ होने से रात के तापमान में गिरावट आएगी और ठंडक बढ़ेगी। हरियाणा और राजस्थान के ऊपर बने सिस्टम से मौसम में बदलाव आया है।



एसबीआई के ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने 3,897 ग्राहकों की निजी जानकारियां डार्क वेब पर लीक होने की पुष्टि की है। ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता, बैंक शाखा का विवरण आदि शामिल हैं।



सीएम डॉ. यादव ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ऐलान किया

सांदीपनि के 400 नए भवन बनेंगे स्कूल शिक्षा में 20 हजार नौकरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का सीएम डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए 200 नए सांदीपनि विद्यालय भवन मंजूर किए जाते हैं। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 200 सांदीपनि विद्यालय भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत भी 200 नए विद्यालय भवनों का निर्माण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग के 954 अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। अनुकंपा नियुक्ति के जो 300 प्रकरण शेष हैं, उनका निराकरण भी इसी वर्ष किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप 11 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह संवेदनशील पहल, पात्र परिवारों को शासकीय सेवा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बुधवार को जिन्हें नियुक्ति दी गई है, उनमें 661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षक और 262 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह अनुकंपा नियुक्ति एक प्रकार से दिवंगत कर्मचारियों के परिजन के लिए आशीर्वाद की तरह है।

> *सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह संवेदनशील पहल, पात्र परिवारों को शासकीय सेवा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम*



954 कर्मचारियों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित करते सीएम

- *डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप 11 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए*
- *जिन्हें नियुक्ति दी गई, उनमें 661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षक और 262 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी*

हर वर्ष पदोन्नति के लिए होगी डीपीसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी भविष्य में निकलने वाली शासकीय भर्तियों में शामिल हो सकते हैं। राज्य सरकार ने अब तक 85 हजार से अधिक शासकीय पदों पर युवाओं को नौकरी प्रदान की है। इनमें 15 हजार पद स्कूल शिक्षा के थे, अब 20 हजार पदों पर भर्ती शुरू होने वाली है। प्रदेश में 1 लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया, इससे विभागों में पद रिक्त हुए, जिन्हें भरने की प्रक्रिया जारी है। कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए हर वर्ष डीपीसी भी निरंतर होगी। सरकार का लक्ष्य रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत करना प्रेरणा पुंज

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय नौकरी करते हुए किसी का असमय दुनिया से चले जाना, परिवार के लिए कष्टकारी होता है। परिवार के सदस्य की कमी के साथ आर्थिक संसाधन भी बाधित हो जाते हैं। यह एक प्रकार से परिवार के ऊपर दुरूखों के पहाड़ टूटने जैसा है। मुश्किल हालात से गुजर रहे ऐसे परिवार, राज्य सरकार के परिवार के हिस्से की तरह है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत करना सभी के लिए प्रेरणा पुंज की तरह काम करेगा।

स्कूल शिक्षा विभाग का बजट अब 38 हजार करोड़ रूपए

डॉ. यादव ने कहा कि स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय सांदीपनि विद्यालय क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आए हैं। प्रदेश में वर्ष 2002-03 तक स्कूल शिक्षा का बजट लगभग 400 करोड़ रूपए था, लेकिन आज राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप यह बजट 38 हजार करोड़ रूपए तक पहुंचा है। स्कूलों में अधोसंरचनात्मक विकास के साथ, आधुनिक लैब, खेल गतिविधियां सहित उच्च गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



सिमरन और दिलीप गावित

भारत का पैरा एशियन गेम्स में 'शानदार' प्रदर्शन जारी

पदक संख्या 62, सिमरन और दिलीप ने जीते गोल्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को भारत ने पांच स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। सिमरन, प्रवीण कुमार, सचिन खिलारी, दिलीप गावित और आयुष वर्मा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सिमरन, प्रवीण कुमार और सचिन खिलारी ने खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने कई पदक हासिल किए। शैलेश कुमार ने पुरुषों की लंबी कूद टी42 स्पर्धा में 5.57 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता। वहीं, शरत मकानहल्ली ने पुरुषों की 1500 मीटर टी12 स्पर्धा में 4 मिनट 11.01 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत के कुल पदकों की संख्या 62 हो गई है और वह पदक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

- तीसरे दिन भारत ने 5 स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

डीआईजी के गनमैन के घर 40 लाख की चोरी

पहले पूड़ी और अचार खाया फिर जेवर समेटकर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा

चोरहटा थाना क्षेत्र में डीआईजी के गनमैन अशोक कुमार तिवारी के घर से करीब 40 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी हो गई। वारदात के दौरान परिवार सो रहा था। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा। बताया जा रहा है कि उसने पहले रसोई में रखी पूड़ी-अचार खाया और पानी पीया, फिर इत्मीनान से घर की तलाशी ली। उसने अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर सोने के हार, मंगलसूत्र, चूड़ियां, अंगूठियां, चांदी के बर्तन, पायल और नकदी समेट ली। सुबह परिजनों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा मिला। परिवार ने तुरंत इसकी सूचना चोरहटा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया।



वारदात के दौरान परिवार सो रहा था



आज दुनिया बदल रही, अपने मूल उद्देश्य के प्रति दृढ़ संकल्प रहने की जरूरत बताई युवा पीढ़ी से की अपील

भाजपा प्रमुख नवीन ने युवाओं को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जोड़ने की आवश्यकता पर दिया बल, अराजकता को बढ़ावा देकर लोकतंत्र को चुनौती दी जा रही

भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को भारत की युवा पीढ़ी को 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की जड़ों से जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आगाह किया कि वैश्विक स्तर पर अराजकता को बढ़ावा देकर विभिन्न देशों के लोकतंत्र को चुनौती देने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि दुनिया में बदलती परिस्थितियां एक बड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। इसके लिए न केवल विचारधारा की निरंतरता, बल्कि नयी पीढ़ी को भारत की 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी नींव' से गहराई से जोड़ने की भी जरूरत है।



नई दिल्ली। भारतीय जनसंघ (जो भाजपा बनी) के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में नितिन नवीन और अन्य लोगों ने पौधे लगाए।

भाजपा के विस्तार और मजबूती की बात बताई

नवीन ने भाजपा के विस्तार और मजबूती का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और भाजपा तथा जनसंघ के कई अन्य नेताओं के समर्पण एवं कड़ी मेहनत को दिया। नवीन ने कहा कि मित्रो, हमें इस विस्तार को अपने मूल उद्देश्य के प्रति दृढ़ संकल्प से जोड़ने की जरूरत है।परिस्थितियां बदल रही हैं और नई पीढ़ियां सामने आ रही हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी विचारधारा के साथ-साथ युवा पीढ़ी भी देश के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद में गहराई से निहित रहे। आजवैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के लोकतंत्र को चुनौती देने के लिए अराजकता का सहारा लिया जा रहा है।

जनसंघ की शिक्षा और संकल्प से मिली प्रेरणा

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जनसंघ ने हमारे भीतर जो बीज बोए और अपने कार्यकर्ताओं को जिन आदर्शों की शिक्षा दी, वे देश के सभी नागरिकों को एकजुट करने और उन्हें साथ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। नवीन ने कहा कि जब 21 अक्टूबर, 1951 को जनसंघ की स्थापना हुई थी, तब उसके सामने अनेक चुनौतियां थीं। इसके बावजूद वे अपनी विचारधारा को हर नागरिक तक पहुंचाने के दृढ़ संकल्प से एकजुट थे।

विरासत को और मजबूत और विकसित करना होगा

आज की पीढ़ी को भी वैसा ही दृढ़ संकल्प विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तभी हम अपने पूर्ववर्तियों के उस सपने को साकार कर सकेंगे, जिसमें भारत को 'विश्वगुरु' बनते देखने की परिकल्पना की गई थी। मैं मौजूदा पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को हमेशा याद दिलाता हूं कि हमें एक बेहद अनुकूल माहौल विरासत में मिला है।

हम सभी मुखर्जी के आदर्शों को आगे बढ़ाएं

नवीन ने भाजपा के विचारक दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' दर्शन को मोदी सरकार की दीन-समर्थक योजनाओं का आधार बताया। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी याद किया और पार्टी कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों तथा योगदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के विचारों के साथ सादगी और समर्पण पर भी विचार करने का आग्रह किया।

खबर संक्षेप

हादसे के पीड़ितों के परिजनों से मिले सुवेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने चोरबागान भगदड़ के पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात कर 25-25 लाख की सहायता राशि सौंपी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल पीड़ितों के साथ खड़े होने के बजाय इस मामले पर केवल राजनीति कर रहे हैं। लापरवाही साजिश की जांच का भरोसा दिया।



बेंगलुरू में निर्माणाधीन भवन में धमाका

बेंगलूरू। एक निर्माणाधीन इमारत में हुए धमाके में दो लोग घायल हो गए। आशंका है कि यह धमाका बैटरी फटने की वजह से हुआ। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने बताया कि धमाके के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने पत्रकारों से बताया कि अभी मामले की जांच चल रही है। कोई कयास न लगाएं।



कांग्रेस की बैठक, करंट लगने से 2 की मौत

प्रतापगढ़। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के रेंनदा गांव में कांग्रेस की चुनावी बैठक के दौरान करंट से मोहन मीणा और अर्जुन मीणा की जान चली गई। तेज हवा से बैठक स्थल पर लगा टेंट उड़ने लगा था। इसे संभालने के दौरान टेंट के लोहे के पाइप ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के संपर्क में आ गए थे। इसमें 15 लोग चपेट में थे।



विजयन और अन्य के खिलाफ जांच पर रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, उनकी बेटी वीणा टी. और उनके दामाद पीए मोहम्मद रियास के खिलाफ जांच पर बुधवार को एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी। हाईकोटआ आदेश के खिलाफ खंडपीठ जाने की अनुमति दी।



भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया, उठाए सवाल

भारत के दुश्मन वही लोग जो विदेशों से सीखे तख्तापलट, हिंसा और संसद में आग लगाना

हम भारत के दुश्मनों का दहन लोकतांत्रिक तरीके से करेंगे

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशहरा कार्यक्रम के दौरान 3 ताकतों को देश के खिलाफ बताया था। उन्होंने विपक्ष पर भी जोरदार हमला बोला था। अब पीएम मोदी के बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत का दुश्मन कौन है? पात्रा ने कहा कि भारत का दुश्मन वह व्यक्ति है, जो विदेश जाकर विदेशी ताकतों से यह सीखकर आता है कि भारत में तख्तापलट कैसे किया जाए, आगजनी कैसे की जाए, हिंसा कैसे भड़काई जाए, संसद में आग कैसे लगाई जाए और यहां चुनाव ठीक तरीके से कैसे न होने दिए जाएं? भारत का दुश्मन वह है, जो कहता है कि बांग्लादेश ने हमें रास्ता दिखाया है। भुवनेश्वर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पात्रा ने कहा कि बांग्लादेश हमारा प्रेरणा स्रोत है, क्योंकि वहां के लोगों ने दिखाया कि धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ कैसे लड़ते हैं? भारत धार्मिक कट्टरपंथी देश नहीं है। जो लोग कहते हैं कि भारत में धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ने के लिए हमें सत्ता परिवर्तन करना है, वे भारत के दुश्मन हैं।



भुवनेश्वर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रवक्ता पात्रा ने यह बात संवाददाताओं से कही

हमें सत्ता परिवर्तन करना है चाहे जो भी करना पड़े, इनसे सावधान रहें

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के साथ भारत के दुश्मनों जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। भारत के दुश्मन प्रशांत भूषण जैसे लोग हैं, जो कहते हैं कि हमें सत्ता परिवर्तन करना है, चाहे इसके लिए हमें कुछ भी क्यों न करना पड़े। सावधान इन सभी भारत के दुश्मनों से! हम भारत के दुश्मनों का दहन लोकतांत्रिक तरीके से करेंगे। यह काम वोट और जनता की जागरूकता के माध्यम से होगा। जनता के बीच सच्चाई रखकर हम उन पुतलों का दहन करेंगे।

नाइक का उदाहरण दिया

पात्रा ने कहा कि एक दुश्मन जाकिर नाइक है, जिसे उन्होंने आतंकवादी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने राजीव गांधी फाउंडेशन के लिए उससे पैसे लिए थे। उसका एक स्टिंग ऑपरेशन हुआ है। इसमें कथित तौर पर उसने कहा कि उसे भारत आने में डर लगता है और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरता है। उसने यह भी कहा कि सत्ता परिवर्तन होने के बाद वह भारत लौट आएगा।

राहुल... सैटेलाइट लांचिंग में भी पीछे ईंधन होना चाहिए

पात्रा ने आरोप लगाया कि दाऊद इब्राहिम और जाकिर नाइक सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, ताकि वे भारत लौट सकें। देश के कई दुश्मन सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। पात्रा ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की मांग करने वाले उनके सरगना चाहते हैं कि राहुल गांधी बिना चुनाव लड़े ही लॉन्च हो जाएं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अरे, सैटेलाइट भी लॉन्च होती है, तो उसके पीछे ईंधन लगाना पड़ता है। ऐसे ही कोई लॉन्च नहीं हो जाता।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु ने विपक्ष की कुछ ताकतों पर किया हमला

उसका असली मकसद हिंसा और साजिश के जरिए सत्ता परिवर्तन करना

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष की कुछ ताकतों पर आरोप लगाया कि वे जायज सार्वजनिक मांगों की आड़ में भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। उसका असली मकसद हिंसा और साजिश के जरिए सत्ता परिवर्तन करना है। कुछ ताकतें 3 एजेंडों पर काम कर रही हैं।



अस्थिर करने के 3 एजेंडे

- ये समाज को बांटना चाहती हैं, देश की संस्कृति, इन्हें हिंदू के प्रति नफरत है।
- ये 'सनातन धर्म के खत्म करने' की बात करने वाले सम्मेलन करते हैं।
- भारत की संस्थाओं के बारे में भ्रामक बातें फैलाती हैं। ये भारत को आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहतीं।

मांगें रावण के 10 सिर जैसी

बार-बार उठने वाली मांगों की तुलना रावण के 10 सिरों से करते हुए उन्होंने कहा कि असल में, रावण की तरह अलग एक सिर काट दिए जाए, तो तुरंत दूसरा सिर निकल आता है। इनकी मांगे भी कुछ ऐसी हैं, एक मांग पूरी करो, तो उसकी जगह तुरंत दूसरी मांग आ जाती है।

रामलाल का राहुल पर हमला

जन समर्थन झूठ की बुनियाद पर नहीं बढ़ता

श्रीनगर। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रामलाल ने संघ के खिलाफ राहुल गांधी के 'विशुद्ध पुरुषवादी और संविधान विरोधी' होने संबंधी टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'नवीनतम मनगढ़ंत झूठ' करार दिया। उन्होंने कहा कि आरएसएस महिलाओं का बेहद सम्मान करता है। झूठ की बुनियाद पर राजनीति आगे नहीं बढ़ती।

रांका और दास को मिली राहत

विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट कोर्ट से मिल गई दोनों को जमानत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसईएम कोर्ट ने सीजेपी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत पर अपना आदेश सुरक्षित रखा। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों नेताओं को जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रंका की न्यायिक हिरासत 3दिन बढ़ाने की मांग की थी। दोनों को बुधवार को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) के समक्ष पेश किया गया था। दो दिन पहले सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन और बढ़ा दी गई थी।

जंतर-मंतर पर अवैध प्रवेश पर पुलिस ने गिरफ्तार किया

दोनों नेता जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के मामले में हिरासत में हैं। आरोप है कि प्रतिबंध लागू होने के बावजूद वे बंद गेट पार कर जंतर-मंतर परिसर में दाखिल हुए थे। वहां सीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने तिरंगा लहराया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया था। 13 अक्तूबर को उन्हें पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

दिल्ली हाई कोर्ट ने लगाई फटकार, अर्जी वापस

सीजेपी के सदस्य सौरव दास और आशुतोष रांका को बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। जिसके बाद दोनों ने दायर अपनी याचिका वापस ले ली। सीजेपी के सदस्यों ने अपनी याचिका में हिरासत बढ़ाने के फैसले को चुनौती दी थी और तत्काल रिहाई की मांग की थी।हाई कोर्ट ने सवाल किया जब उसी दिन विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने सुनवाई होनी थी तो उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख क्यों किया। अदालत ने उन्हें पहले सेम की सुनवाई के नतीजे का इंतजार करने और उसके बाद उपलब्ध कानूनी विकल्पों पर विचार करने की सलाह दी।सौरव और आशुतोष ने सेम के 19 अक्टूबर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी हिरासत 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी। यह कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 और 170 के तहत की गई थी।



राहुल की विदेश यात्रा पर सवाल

थरूर बोले- किसी के बारे में क्या कहूं? मैं ट्रैवल एजेंट नहीं

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

सीईसी ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के खिलाफ नयी दिल्ली में विपक्षी दलों के प्रदर्शन के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की विदेश यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि वह कोई 'ट्रैवल एजेंट नहीं हैं'। थरूर की यह टिप्पणी भाजपा द्वारा राहुल की विदेश यात्रा की आलोचना किए जाने के बाद आई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान 'झूठ बोल बोलकर' थक जाने के बाद राहुल छुट्टियां मनाने के लिए विदेश चले गए हैं। थरूर तिरुवनंतपुरम में थे, जहां संवाददाताओं ने उनसे पूछा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन जारी रहने के बीच राहुल विदेश क्यों गए हैं? मुझसे यह सवाल पूछने का कोई मतलब नहीं है। सभी की अलग बातें हैं।



दिल्ली में प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ा

ग्रैप-1 के प्रतिबंध हुए लागू व निर्माणों पर भी लगी रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ग्रैप 1 की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। ये प्रतिबंध तब लागू किए जाते हैं जब एक्यूआई 201 से 300 के बीच रहता है। इसके तहत होटल और रेस्टोरेंट में कोयले के इस्तेमाल को बंद कर दिया जाता है। डीजल जेनरेटर के इस्तेमाल की इजाजत सिर्फ आपात स्थिति में होती है। इस दौरान प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। सड़कों की सफाई नियमित रूप से शुरू की जाती हैं। धूल पर लगाम लगाने के लिए पानी का छिड़काव किया जाता है। साथ ही जहां कंस्ट्रक्शन चल रहे होते हैं वहां निगरानी कड़ी की जाती है। कचरे का प्रबंधन भी बेहतर तरीके से किया जाता है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया। यहां पर सुबह 9 बजे एक्यूआई 233 दर्ज किया गया।



गुवाहाटी में शिल्प समागम मेला 2026 की शुरुआत

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

कारीगरों का दिखेगा हुनर,यहां पर विविध पारंपरिक उत्पाद देख और खरीद सकेंगे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम की राजधानी गुवाहाटी में बुधवार से 8 दिनों तक चलने वाला शिल्प समागम मेला 2026 आरंभ हुआ। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित मेला 28 अक्टूबर तक चलेगा। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खानापारा स्थित फार्म गेट पर यह मेला आम लोगों के लिए प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। आगंतुक यहां विविध पारंपरिक उत्पाद देख और खरीद सकेंगे तथा हुनरमंद कारीगरों के कार्यों को समर्थन दे सकेंगे। इस खास मेले में देशभर के कारीगर भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य भारत की समृद्ध और विविध पारंपरिक हस्तशिल्प एवं हथकरघा विरासत को प्रदर्शित करना है।



उद्यमिता को मिलेगा बाजार और बढ़ावा

मेले में कुल 75 कारीगर भाग ले रहे हैं, जिनमें 31 महिला कारीगर शामिल हैं। ये कारीगर हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों की लगभग 40 किस्में प्रदर्शित कर रहे हैं। यह कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और सीधे ग्राहकों को बेचने, संभावित खरीदारों से संपर्क स्थापित करने तथा अपने बाजार का विस्तार करने के अवसर प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने यातायात बहाली के दिए निर्देश

शहर में 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश

चेन्नई बारिश से बेहाल, सबवे और प्रमुख बस मार्गों से जल निकासी कराई गई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चेन्नई नगर निगम ने रातभर हुई भारी बारिश के बाद सबवे और प्रमुख बस मार्गों पर हुए जलभराव को बुधवार सुबह तक साफ कर इन्हें वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया। जीसीसी आयुक्त जीएस समीरन ने यह जानकारी दी। चेन्नई में बुधवार सुबह भी बारिश जारी रही। शहर में पिछले 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश हुई। बारिश का सबसे अधिक असर दक्षिण चेन्नई में रहा। कोडम्बाक्कम, वलसरवक्कम, वेलाचेरी, अलंदूर और अड्यार समेत मध्य चेन्नई के कुछ हिस्से भी प्रभावित हुए। सभी 420 बस मार्ग भी आवाजाही के लिए खुले हैं। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने नगर निकाय को निर्देश दिया है कि वे तुरंत कार्रवाई करें।



बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर 9 राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में लचल ने फिर देश के 9 राज्यों की टेंशन बढ़ा दी है। बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की स्थिति है। दक्षिण-पश्चिम अरब सागर में सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र और 24 अक्टूबर से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला संभावित पश्चिमी विक्षोभ भी अहम है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , मध्य प्रदेश , गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ बारिश संभावित है।

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट में पुश्तैनी जमीन का मामला हाईकोर्ट पहुंचा , केंद्र बोला

बहुत देर हो गई, ऐसे तो बेवजह खिंचेगा मुकदमा

आदिवासी जनहित याचिका में खुद को पक्षकार बनाना चाह रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की ग्रेट निकोबार परियोजना की जंगली जमीन को लेकर आदिवासियों ने कलकत्ता हाईकोर्ट की पोर्ट ब्लेयर बेंच में याचिका दी है। यह अर्जी लिटिल और ग्रेट निकोबार ट्राइबल काउंसिल के अध्यक्ष और सदस्यों ने दी है। वे ' मेगा प्रोजेक्ट ' के लिए 166 वर्ग किलोमीटर वन भूमि को दूसरी जगह इस्तेमाल करने की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका में खुद को पक्षकार बनाना चाहते हैं। केंद्र सरकार पर्यावरण मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय के माध्यम से और प्रशासन ने इस मांग का विरोध किया है। उनका कहना है कि यह याचिका बहुत देर से दायर की गई है और इसका मकसद चल रहे मुकदमे के दायरे को बढ़ाना है।



समुदाय ने दी हाईकोर्ट में अर्जी

लिटिल और ग्रेट निकोबार ट्राइबल काउंसिल के अध्यक्ष बरनाबास मंजू, दो ग्राम प्रमुखों और निकोबारी समुदाय के एक सदस्य ने हाईकोर्ट में अर्जी देकर कहा है कि वे इस मामले में पक्षकार बनना चाहते हैं। हमने भूमि के डायवर्जन सहमति नहीं दी।

'वन अधिकार रिकॉर्ड' पर उठे सवाल

यह बेंच पूर्व केंद्रीय सचिव मीना गुप्ता द्वारा दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इनमें मुख्य याचिका वन अधिकार अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की वैधता को चुनौती देती है। इसमें तीन ग्राम सभाओं को बुलाने की प्रक्रिया, ग्राम सभाओं द्वारा पारित प्रस्तावों की जांच की बात है।

अपनी सहमति को वापस नहीं ले सकते

अंडमान और निकोबार प्रशासन के 'आदिवासी कल्याण निदेशालय' ने 'एप्रोबेट एंड रिप्रोबेट' यानी एक ही बात पर पहले सहमति देना और बाद में उससे मुकर जाना के सिद्धांत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी परिषद के अध्यक्ष एसडीएलसी के फैसले पर दी गई अपनी सहमति को वापस नहीं ले सकते।

हरिभूमि

जबलपुर
गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



निधि चोपड़ा

मप्र के दो कलाकारों को राष्ट्रीय सम्मान

निधि को ललित कला और रविंद्र को ग्रैंड प्राइज

भोपाल। मप्र के दो कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। भोपाल में रहकर कला साधना कर रहीं निधि चोपड़ा को 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, रविंद्र रॉय की कलाकृति 'ऑपरेशन सिंदूर' को थर्ड प्रिंट बिनाले इंडिया-2026 में ग्रैंड प्राइज मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दोनों कलाकारों को सम्मान प्रदान किया। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निधि चोपड़ा को उनकी सिरेमिक मूर्तिकला 'टैंजिबल ड्रीम्स' के लिए मूर्तिकला श्रेणी में पुरस्कार मिला। वहीं, रविंद्र रॉय की कलाकृति 'ऑपरेशन सिंदूर' को प्रिंट बिनाले में सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। इन उपलब्धियों से प्रदेश की समकालीन कला प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान मिली है। 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के लिए 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से करीब 2,495 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।



रविंद्र रॉय

जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ : अब तक 3.16 गुना सब्सक्राइब, भारत का सबसे तेज आईपीओ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड का 30,213 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलने के 100 मिनट के भीतर ही पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गया। यह बोली हासिल करने में भारत का अब तक का सबसे तेज आईपीओ बन गया है। शाम तक इसकी बोलियां 69,745 करोड़ रुपए मिलीं। जो पेशकश किए गए शेयरों की 3.16 गुना मांग दिखाती है। निवेशकों ने पेशकश किए गए 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले 46.50 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई। यह उपलब्धि भारतीय सार्वजनिक पेशकशों में सदस्यता की गति के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है। संस्थागत निवेशक देश के इस सबसे बड़े आईपीओ की मांग में अग्रणी रहे। योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए आरक्षित हिस्सा 7.09 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसमें 4.90 करोड़ शेयरों के मुकाबले 34.77 करोड़ शेयरों की बोलियां मिलीं। घरेलू वित्तीय संस्थाओं ने 16.98 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई। आईपीओ का मूल्य प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपए निर्धारित किया गया है। इस मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर जियो प्लेटफॉर्म्स का मूल्यांकन लगभग 108 अरब डॉलर होगा। यह निर्गम 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। यह मूल्य के हिसाब से हुंडई मोटर इंडिया के रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बनने को तैयार है।



मुकेश अंबानी

दीवाली से पहले बाजार में खुशियों की आतिशबाजी

पहले 100 मिनट में ही पूर्ण और बोलियां 69,745 करोड़ पहुंची

यह आईपीओ डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जियो की विस्तार महत्वाकांक्षा का एक बड़ा परीक्षण है। कंपनी का 53.3 करोड़ का ग्राहक आधार इन कारोबारों की नींव है

- जुटाने थे 30,213 करोड़ रुपए
- आईपीओ का मूल्य प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपए निर्धारित किया गया



फाइल फोटो

- संस्थागत निवेशक देश के इस सबसे बड़े आईपीओ की मांग में अग्रणी रहे
- घरेलू वित्तीय संस्थाओं ने 16.98 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई
- जियो 27 करोड़ नए शेयर जारी कर रहा है, जिसका अर्थ है कि आय सीधे कंपनी को मिलेगी
- यह निर्गम 23 अक्तूबर तक खुला रहेगा

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 14.97 करोड़ शेयरों की मांग की

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 14.97 करोड़ शेयरों की मांग की। म्यूचुअल फंडों ने 2.02 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई। गैर-संस्थागत निवेशकों की मांग भी मजबूत रही, उनका हिस्सा 1.03 गुना सब्सक्राइब हुआ। खुदरा खंड 0.58 गुना पर अंडर-सब्सक्राइब रहा, जिसमें इस श्रेणी के लिए आरक्षित 8.50 करोड़ शेयरों के मुकाबले 4.91 करोड़ शेयरों की बोलियां मिलीं। कर्मचारी और शेयरधारक आरक्षण क्रमशः 1.15 गुना और 1.12 गुना सब्सक्राइब हुए।

क्या है जियो आईपीओ की खासियत?

जियो का आईपीओ पिछले बड़े आईपीओ से अलग है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस का निर्गम खुलने के दिन दोपहर 2 बजे तक पूरी तरह सब्सक्राइब हुआ था। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का निर्गम 2025 में पहले दिन के अंत तक पूरी तरह सब्सक्राइब हुआ। हुंडई मोटर इंडिया का 27,870 करोड़ रुपए का आईपीओ 2024 में पहले दिन के अंत तक केवल 18 फीसदी सब्सक्राइब हुआ था। जियो 27 करोड़ नए शेयर जारी कर रहा है, जिसका अर्थ है कि आय सीधे कंपनी को मिलेगी।

निवेशकों की मजबूत प्रतिक्रिया

संस्थागत निवेशकों की मजबूत प्रतिक्रिया एंकर-निवेशक बुकिंग के बाद आई है। जियो ने सोमवार को 212 एंकर निवेशकों को 1,119 रुपए प्रति शेयर पर करीब 8,110 करोड़ रुपए के शेयर आवंटित किए थे। उस आवंटन की मांग 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक थी।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस

एक्टरों में दहशत, घरों में लगा रहे बुलेटफ्रूट शीशे



आरोपी लाल घेरे में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर रविवार को हुए जानलेवा हमले के मामले में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तीन मुख्य आरोपियों के बाद अब 5 और लोग गिरफ्तार हुए हैं, जिससे कुल गिरफ्तारियां 8 हो गई हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक हमले के तीनों मुख्य आरोपी राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से पकड़े गए। इनमें बिहार के बेगूसराय का ऋतिक कुमार उर्फ रोशन, हरियाणा के सोनीपत का रेहान और हरियाणा का ही एक नाबालिग शामिल है। तीनों मुंबई से पुणे-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार होकर फरार हो रहे थे। इसके बाद जांच में मिले सुराग के आधार पर पांच और लोग गिरफ्तार हुए।

- अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार
- आवाज की जांच करा रही पुलिस

सनातन यात्रा में दिग्विजय बोले

बैलेट पेपर से चुनाव कराना बेहद जरूरी

चंदा चोरों को जेल भेजो, बचाओ मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्वमुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का बुधवार को दूसरा दिन था। सुबह करीब 10 बजे तराना रोड स्थित श्री साईं कुंज कॉलोनी से शुरू हुई यात्रा में दिग्विजय हाथ में डंडा लेकर समर्थकों के साथ पैदल चले। उन्होंने कहा कि चंदा चोरों को पकड़ो, जेल भेजो, बचाओ मत। वोट चोरी बंद करो। ईवीएम हमें नहीं चाहिए, बैलेट पेपर से चुनाव चाहिए। दिग्विजय ने कहा कि कार्रवाई सिर्फ छोटे कर्मचारियों पर हुई, बड़े अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं हुई। दिग्विजय ने यात्रा को शिव धाम से राम धाम तक की यात्रा बताया और कहा कि यात्रा का उद्देश्य किसी के खिलाफ राजनीतिक इस्तेमाल नहीं, बल्कि लोगों के सामने अपनी बात रखना और न्याय की मांग करना है।



दिग्विजय और अमृता



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Madhya Pradesh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344),डीलर एक्सटेंशन: सुदर्शन हीरो (आनंद नगर बस स्टॉप), 9289922353; बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वेढ़न: बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, तांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, बादासिवनी: ठसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, अम्दारा: शशि मोटर्स, 8839967734, सलेहा: ए एस ऑटोमोबाइल्स, 9425123895, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल्स, 9617241128, देवतालाव: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, चाकघाट: श्री साई मोटर्स, 9575845089, पथ: श्री सिद्धि मोटर्स, 7607799201, सिंगरौली: यश मोटर्स, 9981718853, पौंडी बागदादी: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, बागदरा: साई श्रद्धा एसोसिएट्स, 9893870516, बरका: असद ऑटोमोबाइल्स, 8821819132, रामपुर नैकिन: लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 7224852277, मडवास: ओम मोटर्स, 9009066959, तनसर: निखिल मोटर्स, 7223949618, अमिलिया: लवकुश मोटर्स, 9144594444, छपरा: गायत्री एजेंसी, 7000633996, कटंगी: राणा ऑटोमोबाइल्स, 9407033578, साईखेड़ा: केशवानंद मोटर्स, 8989828648, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

चिंतन

बैंकिंग सुरक्षा को और फुलफ्रूफ करना जरूरी

बैंक की तिजोरी में रखा पैसा ही नहीं, बल्कि ग्राहकों का भरोसा भी सबसे अहम पूंजी है। इस भरोसे की बुनियाद तब कमजोर पड़ जाती है, जब ग्राहकों की निजी जानकारी असुरक्षित हो या डेटा लीक जैसी घटनाएं सामने आएं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के करीब 4,000 ग्राहकों के डेटा के डार्क वेब पर मिलने और एचडीएफसी बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता लीक करने के आरोपों ने बैंकिंग सुरक्षा की इसी बुनियादी कमजोरी पर सवाल खड़े किए हैं। दोनों मामलों की प्रकृति अलग है और जांच के निष्कर्ष आने बाकी हैं, लेकिन साझा चिंता बेहद गंभीर है। बैंकिंग सुरक्षा का दायरा केवल हैकरों से बचाव तक सीमित नहीं रह सकता; इसे डेटा तक पहुंच, उसके इस्तेमाल और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। एसबीआई के मुताबिक, जांच में ग्राहकों के रिकॉर्ड में व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारियां मिली हैं। इनमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता और बैंकिंग पहचान संबंधी विवरण शामिल हैं। ऐसी जानकारियां अपराधियों के हाथ लगने पर फर्जी बैंक अधिकारी बनकर फोन करने, विश्वास जीतकर गोपनीय जानकारी हासिल करने और वित्तीय धोखाधड़ी का रास्ता खोल सकती हैं। खाते से पैसा निकलने के बाद नुकसान का पता चलना एक स्थिति है, जबकि निजी जानकारी अपराधियों के पास पहुंचने के बाद उसके दुरुपयोग की आशंका लंबे समय तक बनी रह सकती है। एचडीएफसी बैंक का मामला सुरक्षा की दूसरी परत उजागर करता है। यहां दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता भंग करने के आरोप हैं। जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, लेकिन यह सवाल अनदेखा नहीं किया जा सकता कि संवेदनशील सूचनाओं तक पहुंच रखने वाले अधिकारियों की निगरानी कितनी प्रभावी है। किसी बैंक की ऋण संबंधी जानकारी, कारोबारी रणनीति और आंतरिक दस्तावेज भी उसकी संपत्ति हैं। खतरा केवल बाहरी सेंधमारी का नहीं, आंतरिक नियंत्रण की कमजोरी का भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए बैंकों को घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस व्यवस्था लागू करनी होगी। पहला कदम यह हो कि प्रत्येक कर्मचारी को केवल उतने ही डेटा तक पहुंच मिले, जितनी उसके काम के लिए जरूरी है। ग्राहकों के रिकॉर्ड देखने, डाउनलोड करने, साझा करने और उनमें बदलाव करने की गतिविधियों का सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। दूसरा, स्वतंत्र साइबर सुरक्षा ऑडिट और सुरक्षा प्रणालियों की नियमित जांच जरूर हो। परीक्षण केवल ऑनलाइन बैंकिंग तक सीमित न रहें, बल्कि ऋण दस्तावेजों, आंतरिक नेटवर्क, ईमेल और बाहरी सेवा प्रदाताओं तक फैले हों। गंभीर खामियों को दूर करने की समयसीमा तय हो और बैंक का शीर्ष प्रबंधन इसकी जवाबदेही ले। तीसरा, डेटा लीक की आशंका सामने आते ही प्रभावित प्रणालियों को सुरक्षित करने, डिजिटल साक्ष्य बचाने, स्रोत का पता लगाने और जोखिमग्रस्त ग्राहकों को समय पर सूचित करने की स्पष्ट प्रक्रिया हो। चौथा, आंतरिक गोपनीयता के उल्लंघन पर निष्पक्ष जांच और दोष साबित होने पर बिना भेदभाव कार्रवाई हो। भारतीय रिजर्व बैंक और संबंधित साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी नियमों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी करनी चाहिए। एसबीआई और एचडीएफसी बैंक से जुड़े मामलों की जांच अपने निष्कर्ष तक पहुंचेगी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था सुधारने का काम अभी शुरू होना चाहिए। ग्राहकों का भरोसा बचाना है तो बैंकिंग सुरक्षा को वास्तव में और फुलप्रूफ बनाना ही होगा।



जन्मदिवस पर विशेष

सुरेश पचौरी

'रणनीति व दृढ़ता' के शिल्पकार

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की राजनैतिक कार्यप्रणाली पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट है कि उनमें संगठनात्मक अनुशासन कायम रखने और राष्ट्र हित में कड़े से कड़ा निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनका दीर्घकालीन वैचारिक समन्वय, भारतीय जनता पार्टी संगठन के व्यापक विस्तार में उनका योगदान और गृह मंत्री के रूप में उनके द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय देशहित में रहे हैं। देश सेवा करते हुए उन्होंने आलोचनाओं की कभी परवाह नहीं की।

देश के गृह मंत्री अमित शाह की भारतीय राजनीति में पहचान एक ऐसे रणनीतिकार की है, जिन्होंने संगठन निर्माण, चुनावी प्रबंधन और राष्ट्रीय नीति निर्धारण के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक लंबे अर्से से सामंजस्य बनाते हुए उन्होंने सत्ता और संगठन के बीच ऐसा समन्वय स्थापित किया, जिससे भारतीय जनता पार्टी की राजनैतिक यात्रा को नई दिशा मिली तथा चतुर्दिक व्यापक जनाधार प्राप्त हुआ। सार्वजनिक जीवन में किसी व्यक्ति की पहचान उसके पद से आगे बढ़कर उसके निर्णयों, संगठनात्मक क्षमता, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से निर्मित होती है। भारतीय राजनीति में अमित शाह की पहचान संगठन निर्माण, चुनावी रणनीति, प्रशासनिक निर्णयों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों से जुड़ी रही है। प्रधानमंत्री मोदी के विश्वसनीय सहयोगी के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा ने राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। संगठनात्मक जिम्मेदारियों से लेकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण दायित्वों तक का उनका सफर उनकी राजनीतिक कार्यशैली, रणनीतिक सोच और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं को सामने लाता है।



शाह से मेरी पहली मुलाकात का प्रसंग आज भी स्मृति पटल पर अंकित है। दिल्ली स्थित उनके निवास पर चर्चा के दौरान उनकी स्मरणशक्ति और सामाजिक-राजनैतिक विषयों की गहरी समझ ने मुझे बहुत प्रभावित किया। उनसे मिलकर मुझे जो सुखद अनुभूति हुई, उसका सार तत्व यह है कि उनकी कार्यशैली गहन अध्ययन और सुविचारित रणनीति पर आधारित है।

मोदी और शाह का वैचारिक समन्वय गुजरात से विकसित होकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की उल्लेखनीय सफलता ने शाह को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावशाली चुनावी रणनीतिकार के रूप में पहचान दिलाई। इसके बाद विभिन्न राज्यों में पार्टी के विस्तार और चुनावी अभियानों के प्रबंधन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण बनी रही।

गुजरात से शुरू हुई मोदी और शाह की बेमिसाल जोड़ी का राजनैतिक समन्वय आज राष्ट्रीय राजनीति में बानगी बन चुका है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नेतृत्व कौशल और जनविश्वास से व्यापक राजनैतिक आधार तैयार किया, वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री शाह ने संगठनात्मक विस्तार और चुनावी रणनीति के माध्यम से उसे मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शाह ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। सदस्यता अभियान का विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, नियमित जनसंपर्क और चुनावी तैयारियों को व्यवस्थित करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहा। पन्ना प्रमुख जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से संगठनात्मक जिम्मेदारियां निर्धारित करने की प्रक्रिया को विशेष महत्व मिला।

उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा ने देश के अनेक राज्यों में अपना आधार विस्तृत किया और सदस्यता के लिहाज से विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। यह उपलब्धि व्यापक संगठनात्मक नेटवर्क, कार्यकर्ता-भागीदारी और निरंतर चुनावी सक्रियता का परिणाम थी और इस दूरदर्शी सोच के उन्नायक श्री अमित शाह थे।

केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में शाह के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण संवैधानिक और विधायी निर्णय हुए। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 से संबंधित प्रावधानों में बदलाव और जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन ने देश की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ा। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगाने वाला कानून तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम भी उनके कार्यकाल के प्रमुख निर्णयों में शामिल हैं। राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। भारत की एकता, अखंडता और अक्षुणता की दृष्टि से लिए गये ये महत्वपूर्ण निर्णय शाह के गृहमंत्रित्व काल की प्रमुख उपलब्धियों में शुमार हैं। आज हम देख रहे हैं कि मजबूत भारत बनाने की दिशा में ये कदम मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

देश में आतंकवाद की जड़ों को समूल नष्ट करने, आंतरिक सुरक्षा को मजबूती देने, वामपंथ प्रेरित उग्रवाद से मुकाबला करने, पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करने तथा सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बनाने में शाह के कुशल नेतृत्व में कामयाब मिली। गृह मंत्री के रूप में वे अपने उत्तरदायित्व का जिस सक्षमता और दृढ़ता से निर्वहन कर रहे हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और शाह के निर्देशन में विशेष सुरक्षा बलों, पुलिसकर्मियों के सफल प्रयासों से नक्सलवाद के दंश से देश को मुक्ति मिली है। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और सुनियोजित नक्सल-विरोधी रणनीति सफल हुई है। शाह के निर्देशन में एक सशक्त पहल करते हुए 31 मार्च, 2026 से नशे के खिलाफ तीन वर्ष का देशव्यापी अभियान चलाने का लक्ष्य तय किया गया है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री के रूप में भी शाह की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का संबंध कृषि, दुग्ध उत्पादन, ग्रामीण ऋण व्यवस्था और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों से रहा है। सहकारी संस्थाएं किसानों, छोटे उत्पादकों और ग्रामीण समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सफल माध्यम रही हैं।

शाह की राजनैतिक कार्यप्रणाली पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट है कि उनमें संगठनात्मक अनुशासन कायम रखने और राष्ट्र हित में कड़ा-से-कड़ा निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका दीर्घकालीन वैचारिक समन्वय, भारतीय जनता पार्टी संगठन के व्यापक विस्तार में उनका योगदान और गृह मंत्री के रूप में उनके द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय देशहित में रहे हैं। वे एक शौकीन शतरंज खिलाड़ी, इतिहास और शास्त्रीय संगीत प्रेमी होने के साथ-साथ बेहद अनुशासित व आध्यात्मिक जीवनशैली जीते हैं। उन्हें इतिहास, विशेषकर मराठा साम्राज्य और छत्रपति शिवाजी महाराज की युद्ध रणनीतियों को पढ़ना बेहद पसंद है। उन्हें कैफी आजमी की नज़्में और भारतीय शास्त्रीय संगीत सुनना पसंद है। वे सुबह उठकर नियमित पूजा-पाठ और ध्यान करते हैं। वे रोज अपनी डायरी लिखने की आदत रखते हैं। वे विलासिता से दूर रहते हैं और कलाई में घड़ी तक नहीं पहनते हैं। वे अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत सुख-दुख और बीमारी के समय उनका व्यक्तिगत तौर पर हाल-चाल लेते हैं। उनके घर जाते हैं। व्यक्तिगत रूप से उनकी मदद करते हैं। 22 अक्टूबर को उनके जन्मदिन के अवसर पर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ और यशपूर्ण जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

महेन्द्र तिवारी



मतदाता सूची से नाम हटने पर आम आदमी की पीड़ा

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अपनी पसंद की सरकार चुनने का अवसर देने वाली शासन प्रणाली है। इसकी वास्तविक शक्ति जनता के विश्वास में निहित होती है। जब कोई नागरिक मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, तब वह केवल किसी प्रत्याशी के पक्ष में मत नहीं देता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करता है। इसलिए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम होना लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। यदि किसी नागरिक का नाम बिना उचित कारण सूची से हटा दिया जाता है, तो यह केवल एक प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि उसके संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है।

देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर इन दिनों व्यापक चर्चा और विवाद हो रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान देशभर में लगभग 13 करोड़ नाम मतदाता सूचियों से संबंधित छंटाई और पुनरीक्षण की कार्रवाई के दायरे में आए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन नामों को अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि जैसी श्रेणियों में रखा है। इसलिए इस संख्या को सीधे-सीधे इतने पात्र मतदाताओं के गलत ढंग से नाम काटे जाने के बराबर मानना उचित नहीं होगा। फिर भी, इस व्यापक प्रक्रिया के बीच ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें जीवित और पात्र नागरिकों को मृत या स्थानांतरित मान लिया गया। इससे सत्यापन की विश्वसनीयता और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। दिल्ली में भी इस पुनरीक्षण का प्रभाव व्यापक दिखाई दिया है। प्रारूप मतदाता सूची से लगभग 47.7 लाख नाम हटाए जाने की सूचना सामने आई थी। इनमें ऐसे लोग भी हो सकते हैं, जिनके सत्यापन प्रपत्र निर्धारित समय में प्राप्त नहीं हुए, जो अपने पुराने पते पर उपलब्ध नहीं थे अथवा जिनकी प्रविष्टियों में किसी प्रकार की विसंगति पाई गई। बाद में निर्वाचन अधिकारियों ने छूटे हुए मतदाताओं के पुनः सत्यापन और पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए कदम उठाने की बात कही। इस घटनाक्रम का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि किसी सूची में नाम न मिलने और किसी व्यक्ति के मतदान के लिए अपात्र होने के बीच अंतर किया जाना चाहिए। पहली स्थिति जांच और सुधार की मांग करती है, जबकि दूसरी स्थिति के लिए नियमानुसार पर्याप्त आधार आवश्यक है। मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। यदि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहें, एक ही व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर दर्ज हो या अपात्र व्यक्तियों की प्रविष्टियां मौजूद हों, तो चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह मतदाता सूची को सही, अद्यतन और पारदर्शी बनाए। लेकिन इस उद्देश्य की पूर्ति ऐसी प्रक्रिया से होनी चाहिए जिसमें पात्र नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहें। प्रशासनिक सुविधा को नागरिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता। किसी घर पर एक या दो बार पहुंचने पर व्यक्ति का न मिलना, किसी पुराने पते पर उसका अनुपस्थित होना अथवा निर्धारित अवधि में प्रपत्र जमा न कर पाना अपने आप में यह सिद्ध नहीं करता कि वह मतदान का पात्र नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में यह चुनौती और जटिल हो जाती है। रोजगार की तलाश में लाखों लोग एक शहर से दूसरे शहर जाते हैं। इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मताधिकार केवल राजनीतिक अधिकार नहीं, बल्कि नागरिक की सामाजिक प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक पहचान से भी जुड़ा है। जब कोई व्यक्ति वर्षों से मतदान करता आया हो और अचानक उसे पता चले कि सूची में उसका नाम नहीं है, तो उसके लिए यह अनुभव निराशाजनक और अपमानजनक हो सकता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। यह विश्वास तभी कायम रह सकता है जब प्रत्येक नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी पहचान, उसकी पात्रता और उसकी आवाज का सम्मान किया जाएगा। मतदान का अधिकार कानून द्वारा निर्धारित पात्रता से जुड़ा नागरिक अधिकार है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण तभी सफल माना जाएगा जब वह चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के साथ किसी पात्र नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर न होने दे। लोकतंत्र में हर मत महत्वपूर्ण है और हर पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करना ही एक जवाबदेह व्यवस्था की वास्तविक पहचान है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कृष्ण योग के सूत्र



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मो में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

सटाका



आज की पाती

पुलिस को सेना जैसा सम्मान क्यों नहीं

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन पुलिसकर्मियों के बलिदान के लिए मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख में चीन के कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान की बाजी लगा दी थी। और यह देश के उन पुलिस कर्मियों के लिए भी मनाया जाता है जिन्होंने आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। देश में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की मुख्य भूमिका होती है। जब हम सभी दीपावली या अन्य त्योहार मना रहे होते हैं, तब पुलिस हमारी सुरक्षा की खातिर अपना फर्ज निभा रही होती है। कभी कभी धरने प्रदर्शनों के दौरान पुलिस को हिंसक झड़पों का भी सामना करना पड़ता है। बहरहाल पुलिस को सेना जैसा सम्मान देने की जरूरत है।

- सोमवीर यादव, रेवाड़ी

ट्रेंड

ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई



हमारी पुलिस फोर्स 31 दिसंबर 2029 तक नशीले पदार्थों के गिरोहों को खत्म करने के लिए ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, और साथ ही युवाओं को इस बुराई के प्रति जागरूक भी कर रही है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

देश का मान



एशियाई पैरा गेम्स-2026 में महिलाओं की 100 मीटर (टी12) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर, उत्तर प्रदेश की बेटी सिमरन शर्मा ने देश का मान बढ़ाया है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश भर के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणा है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तरप्रदेश

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप गावित ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिगनाकाश ने रजत पदक हासिल किया। सालों की कड़ी मेहनत, अनगिनत बलिदानों और अटूट जज्बे ने भारत को गौरवान्वित किया है। हमारे दोनों चैंपियनों को बधाई!

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

पुलिस स्मृति दिवस



पुलिस स्मृति दिवस पर, हम अपने पुलिस बलों के उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं को नमन करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्र के लिए दी गई उनकी सेवाओं के लिए सदैव उनके ऋणी रहेंगे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे , अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

हैरी ने पिता व भाई से रिश्ते सुधारने की इच्छा जताई

ब्रिटेन के युवराज हैरी अपने पिता महाराजा चार्ल्स तृतीय और भाई प्रिंस विलियम के साथ मतभेद दूर कर रिश्ते सुधारना चाहते हैं। परिवार और अपनों को खोने के दुख पर 'जीक्यू' पत्रिका के साथ एक साक्षात्कार में हैरी से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने पिता और भाई के साथ जटिल रिश्तों को लेकर दुख होता है? सितंबर के अंत में न्यूयॉर्क में रिकॉर्ड किया गया यह साक्षात्कार मंगलवार को प्रकाशित हुआ। हैरी ने जवाब दिया, हां, बिल्कुल। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर उनसे इस बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग नहीं चाहते कि रिश्ते सुधरें, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। बेशक, मैं ऐसा चाहता हूं। दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उसे देखते हुए सबसे महत्वपूर्ण बात सुलह करना है। यही मुख्य बात है। हैरी, उनकी पत्नी मेघन और उनके दोनों बच्चे अगस्त के अंत में ब्रिटेन लौट आए थे। शाही परिवार के सक्रिय सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं छोड़कर कैलिफोर्निया जाने के उनके फैसले से शाही परिवार में दूरियां बढ़ गई थीं। इस फैसले को छह साल हो चुके हैं। इस दंपति ने पहले के साक्षात्कारों में शाही परिवार की आलोचना की थी। उन्होंने परिवार के एक अज्ञात सदस्य पर नस्लवाद का आरोप लगाया था और कहा था कि महल के कर्मचारियों ने मेघन के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई।



ऑफ बीट

एआई शॉपिंग एजेंट बेहतर सौदे का वादा करते हैं, गलती का नहीं

मेटा का हाल ही में पेश किया गया एआई एजेंट 'म्यूज' कई तरह के काम करने में सक्षम होने का भरोसा देता है। यह ईमेल भेजने, छुट्टियां मनाने के लिए जरूरी बुकिंग कर सकता है, मुश्किल ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। लेकिन एक निजी खरीदारी सहायक के रूप में इसकी संभावनाओं को लेकर खासा ध्यान आकर्षित हो रहा है। यह सस्ते सौदों की तलाश करने और उपयोगकर्ता की मंजूरी के बिना खरीदारी करने में सक्षम है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति दौड़ने के लिए नए जूते खरीदना चाहता है। कुछ ही मिनट में एआई सहायक दर्जनों दुकानों की वेबसाइटों पर खोज कर सकता है और अलग-अलग ब्रांड की तुलना करके सबसे सस्ते और जरूरत के मुताबिक जूते ढूंढ सकता है। म्यूज अकेला ऐसा एआई एजेंट नहीं है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के बीच इन एजेंट को रोजमर्रा की खरीदारी का हिस्सा बनाने की होड़ लगी है। गूगल और ओपनएआई भी एआई आधारित शॉपिंग टूल विकसित कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के लिए इन नए एआई एजेंट का फायदा साफ है। खरीदारी में कम समय लगेगा और बेहतर सौदे मिलने की संभावना होगी। वहीं, खुदरा कारोबारियों के लिए ये ऑनलाइन उत्पादों के प्रचार करने के तरीके को बदल सकते हैं।



हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भारत का 'व्हिसलिंग विलेज', जहां एक दूसरे को सीटी बजाकर बुलाते हैं लोग

नई दिल्ली। भारत में गांवों की अपनी अलग दुनिया है। कहीं लोग आज भी पुरानी परंपराओं को सहेजकर रखे हुए हैं, तो कहीं रहने-सहने और एक-दूसरे से बातचीत करने के तरीके लोगों को हैरान कर देते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोगों की भाषा, पहनावा, खानपान और रीति-रिवाज भी अलग हैं। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां लोग एक-दूसरे को नाम लेकर नहीं, बल्कि सीटी बजाकर या खास धुन गाकर बुलाते हैं? सुनने में यह बात थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन भारत में एक ऐसा गांव है, जहां हर व्यक्ति की पहचान के लिए एक अलग धुन बनाई गई है। हैरानी की बात यह है कि यहां बच्चे के जन्म के बाद उसकी मां ही उसके लिए यह धुन बनाती है।



मां बच्चे के लिए बनाती है खास धुन

कोंगथोंग की इस परंपरा का सबसे खूबसूरत पहलू यह है कि बच्चे के जन्म के बाद उसकी मां ही उसके लिए खास धुन बनाती है। बच्चे के जन्म के बाद मां उसे प्यार से पुकारते हुए एक अलग तरह की मधुर धुन तैयार करती है। धीरे-धीरे यही धुन बच्चे की एक खास पहचान बन जाती है। इस परंपरा को खासी भाषा में 'जिंगरवाई इयावबेईं' कहा जाता है, जिसका अर्थ मां का प्रेम गीत बताया जाता है। इसमें मां का प्यार और बच्चे के साथ उसका इमोशनल रिश्ता भी झलकता है। जिस तरह दूसरे घरों में बच्चे को प्यार से किसी नाम या निकनेम से बुलाया जाता है, उसी तरह यहां मां की बनाई धुन से उसे पुकारा जा सकता है। इस तरह एक धुन बच्चे के जीवन से जुड़ जाती है और गांव के लोग भी धीरे-धीरे उसे उसी से पहचानने

कहां है भारत का यह अनोखा गांव?

भारत के इस अनोखे गांव का नाम कोंगथोंग है, जो मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में स्थित है। यह राज्य की राजधानी शिलांग से लगभग 55 से 60 किलोमीटर दूर है। पहाड़ियों और हरियाली के बीच बसा यह गांव अपनी खूबसूरत प्राकृतिक छटा के साथ-साथ एक अनोखी सांस्कृतिक परंपरा के लिए भी जाना जाता है। यहां रहने वाले खासी जनजाति के लोगों ने पीढ़ियों से इस खास पहचान को संभालकर रखा है। कोंगथोंग में लोग एक-दूसरे को बुलाने के लिए केवल सामान्य नाम का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि एक खास धुन भी बजाते या गाते हैं।

6 साल के बच्चे का कमाल! ढूंढ निकाला 20 करोड़ साल पुराना रहस्यमयी जीव

न्यूयार्क। बच्चों का मन बहुत जिज्ञासु होता है और कई बार वो ऐसा कमाल कर देते हैं, जिस पर बड़ों को भी यकीन नहीं होता। ऐसा ही एक मामला अमेरिका के नेब्रास्का से सामने आया है। यहां 6 साल के एक बच्चे ने इतिहास रच दिया है। पार्क में खेलते-खेलते उसे एक बहुत ही दुर्लभ फॉसिल मिला, जिसे वैज्ञानिक मेमथ की हड्डी से भी ज्यादा दुर्लभ बता रहे हैं। ये घटना नेब्रास्का के ग्राम पार्क स्टेट रिक्रिएशन एरिया की है। आउटडोर नेब्रास्का के अनुसार, जांच में पता चला कि यह 'कोनुलारिड' नाम के एक बहुत पुराने समुद्री जीव का फॉसिल है। यह जीव आज से करीब 20 करोड़ से 50 करोड़ साल पहले धरती पर रहता था। वैज्ञानिक बताते हैं कि ये जेलीफिश जैसा जीव था, जिसका शरीर उल्टे पिरामिड जैसा होता था। इन जीवों का शरीर बहुत मुलायम और पतला होता था, इसलिए इनका फॉसिल बनना बहुत मुश्किल होता है। इसीलिए, यह बहुत दुर्लभ माना जाता है। सबसे हैरानी की बात ये है कि नेब्रास्का में पिछले 55 सालों में ऐसा फॉसिल एक बार भी नहीं मिला था। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये खोज मेमथ की हड्डी मिलने से भी ज्यादा दुर्लभ है। इस खोज के बाद लियो बहुत खुश है। नियमों के हिसाब से वो इस फॉसिल को घर नहीं ले जा सकता, लेकिन उसे इसका कोई दुख नहीं है।



ये हैं दुनिया के 5 सबसे महंगे ब्लाउज

472 करोड़ का फैंटेसी ब्रेसियर पहनकर चर्चा में आई ये एक्ट्रेस

लॉस एंजिल्स। रियलिटी टीवी स्टार काइली जेनर ने दुनिया की सबसे महंगी ब्लाउज पहनकर छा गई हैं। कोईली ने 18 अक्टूबरको लॉस एंजिल्स में आयोजित एक फैशन शो में फैंटेसी ब्रेसियर पहनकर रैंप वॉक किया, जिसकी कीमत 50 मिलियन डॉलर यानी 472 करोड़ रुपए से ज्यादा है। 29 साल की काइली की इस ड्रेस ने फैशन जगत और सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। यह फैंटेसी ब्रेसियर 18 कैरेट सोने और 4,410 हीरों से बना है। आज हम आपको दुनिया की 5 सबसे महंगी फैंटेसी ब्रेसियर के बारे में बताते हैं?

गिसेले बुंडचेन ने पहना 12.5 मिलियन डॉलर का ब्लाउज

गिसेले बुंडचेन ने 6 दिसंबर 2005 को न्यूयॉर्क में आयोजित विक्टोरिया सीक्रेट फैशन शो में यह ब्लाउज पहना था। इसकी कीमत 12.5 मिलियन डॉलर थी। इसमें 2,900 हीरे लग थे, जिनका कुल वजन 108.37 कैरेट था। 38.25 कैरेट का 22 माणिक जड़ा था।

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (सुरक्षित और असुरक्षित ऋण व्यवसाय प्रभाग)

(मुथूट पप्पाचन समूह की कंपनी) CIN : U65929KL1997PLC011518
प्रशासनिक कार्यालय : 710-ए एवं 711-ए, सातवीं मंजिल, फेस-2, स्पेंसर प्लाजा, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेन्नई-600 002
पंजीकृत कार्यालय : मुथूट सेन्टर, टीसी नं. 27/3022, पुन्नेन रोड, त्रिवेन्द्रम, केरला - 695 001

परिशिष्ट–IV [नियम 8(1)] आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **मुथूट फिनकार्प लिमिटेड (एमएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 की अधिनियम संख्या 54) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्न वर्णित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को एक मांग सूचना निर्गत की थी। उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों की समाप्ति के उपरांत, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न वर्णित सम्पत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त भाक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्नानुसार **आधिपत्य** कर लिया है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम	मांग सूचना की दिनांक	कुल बकाया राशि (रु.) भावी ब्याज लागू	प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) का विवरण	आधिपत्य की तिथि
ऋण खाता क्रमांक : MFLSECUMPDL 000005377863 श्रीमती उषा बाई गुप्ता (ऋणी) श्री ओम प्रकाश गुप्ता (सह-ऋणी)	17.07.2026	Rs. 58,78,363.17 (रु. अट्ठावन लाख अट्ठत्तर हजार तीन सौ तिरेसठ एवं सत्रह पैसे मात्र)	**अनुसूची-ए:** भूमि मौजा पा.ह.नं. 40, आरआईसी बड़वारा, तहसील बड़वारा आबादी, खसरा नंबर 11, क्षेत्रफल 180 वर्ग मीटर, ग्राम भूडसा, तहसील बड़वारा एवं जिला कटनी, म.प्र.। **दस्तावेज के अनुसार उक्त संपत्ति की चर्तुसीमाएं निम्नानुसार हैं:** उत्तर: सोने लाल का मकान, दक्षिण: रास्ता, पूर्व: जगदीश प्रसाद का मकान, पश्चिम: कोदू लाल का मकान **अनुसूची-बी:** भूमि मौजा कछारी प.ह.नं. 36, आरआईसी बड़वारा, आबादी खसरा नंबर 148 का भाग, क्षेत्रफल 4500 वर्ग फीट, ग्राम कछारी, तहसील बड़वारा एवं जिला कटनी में स्थित है। **दस्तावेज के अनुसार उक्त संपत्ति की चर्तुसीमाएं निम्नानुसार हैं:** उत्तर: स्वयं की भूमि, दक्षिण: रास्ता, पूर्व: स्वयं की भूमि, पश्चिम: भानुमति मिश्रा की भूमि।	16.10.2026

उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप से सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, ऊपर अंकित मांगी गई एक राशि तथा इस राशि पर भावी ब्याज हेतु **मुथूट फिनकार्प लिमिटेड** के प्रभाराधीन होगा।

ह/– प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते मुथूट फिनकार्प लिमिटेड
स्थान : मध्य प्रदेश, दिनांक : 22.10.2026

कार्यालय वनमंडल अधिकारी, उत्तर सिवनी वनमंडल, सिवनी (म.प्र.)

e-mail: dfotnseoni@mp.gov.in (07692)-220556, FAX-07692-226181

निविदा विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 में उत्तर सिवनी वनमंडल के अंतर्गत शासकीय भवनों में सोलर सिस्टम (off Grid) लगाये जाने हेतु ई-टेण्डर प्रक्रिया के तहत निविदा आयोजित है। इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन माध्यम से वेबसाईट के द्वारा निविदा प्रस्तुत कर सकते है। निविदा फार्म केवल ऑनलाईन माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किये जावेंगे। निविदा की शर्ते MP TENDERS पोर्टल की वेबसाईट https://mpforest.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है तथा जानकारी कार्यालयीन समय पर दूरभाष क्रमांक 07692-220556 से अथवा कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	निविदा का विषय	टेंडर आई.डी. क्रमांक
1	उत्तर सिवनी वनमंडल के अंतर्गत शासकीय भवनों में सोलर सिस्टम (Off Grid) लगाये जाने हेतु	2026_MPFD_544149-1

निविदा से संबंधित तिथियां एवं विस्तृत निविदा दस्तावेज उपरोक्त टेंडर आई.डी. में https://mptenders.gov.in में अपलोड किया गया है।

वनमंडल अधिकारी
उत्तर सिवनी वनमंडल
G-20388/26 "स्वच्छता ही सेवा"

कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश

नर्मदा रोड, रामपुर पेट्रोल पम्प के पास, जबलपुर- 482001
दूरभाष- 0761-2666522 ई मेल-spiu.dsdmp@gmail.com वेबसाईट- mpskills.gov.in

क्रमांक. कोविस/ड्रोन/2026-27/5448 /जबलपुर दिनांक 19.10.2026

निविदा आमंत्रण सूचना (GeM पोर्टल)

मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) हेतु ड्रोन तकनीशियन व्यवसाय के उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग के लिए शासकीय ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा विवरण:
1. GEM निविदा क्रमांक: GEM/2026 /B/8148912 2. GEM पोर्टल पर प्रकाशन दिनांक: 16.10.2026 3. प्री-बिड बैठक की दिनांक एवं समय: 23.10.2026 को अपराह्न 04:00 बजे 4. प्री-बिड बैठक का स्थान: संचालनालय कौशल विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल कैंप कार्यालय, गैस राहत आईटीआई भवन, चतुर्थ तल, गोविंदपुरा, भोपाल। 5. निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय : 06.11.2026 को अपराह्न 04:00 बजे । 6. निविदा खोलने की दिनांक एवं समय : 07.11.2026 को अपराह्न 04:00 बजे। 7. अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) की राशि: रू.12,00,000/- (रुपये बारह लाख मात्र) 18. निविदा की वैधता अवधि: 180 दिवस ।

विस्तृत तकनीकी विनिर्देश, पात्रता मानदंड एवं नियम एवं शर्तें GeM पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं पात्र निविदाकारों को निर्धारित समयावधि के भीतर केवल GeM पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करनी होगी। ऑफलाइन निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।

संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित
उप संचालक कौशल विकास मध्यप्रदेश जबलपुर
G-20360/26

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़, वनमण्डल मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नये पुराना ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम-काष्ठागार जनकपुर नीलाम दिनांक-30-10-2026 नीलाम समय-प्रात: 09:00 बजे से प्रारम्भ

क्रं.	प्रजाति	नये अविक्रित काष्ठ		पुराने अविक्रित काष्ठ			
		लट्ठा	बल्ली	लट्ठा		बल्ली	
		घ.मी.	नग	नग	घ.मी.	नग	घ.मी.
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सागौन	0.089	0	88	4.424	995	16.626
2	साल	7.970	0	12748	1435.957	2699	85.916
3	साजा	0.520	0	19	1.547	3	0.088
4	धावड़ा	0.000	0	2	0.096	0	0.000
5	हल्दू, मुण्डी, बांसा	0.000	0	2	0.087	0	0.000
6	नीलगिरी	0.000	0	0	0.000	560	2.993
	योग	8.579	0	12859	1442.111	4257	105.623
7	मिश्रित जलाऊ	-		-			
	योग	-		-			

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है।

(वन मंडलाधिकारी) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़
जी-262704119/4

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र -1, सिवनी

निविदा आमंत्रण क्र. 09/4688/व.ले.लि./2026-27 **निविदा - सूचना** सिवनी, दिनांक 16.10.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्र.	टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	अनुमानित लागत (लाख मे)	धरोहर राशि (रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWD RB_543717	उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की रंगाई-पुताई, डिस्टेंपरिंग, पेंटिग इत्यादि का कार्य ।	प्रथम	2000	10.00 लाख	20000	दिनांक 31.03.2027 तक	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग क्र- 1 सिवनी
2	2026_PWD RB_543718	उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत विभिन्न मार्गो मे बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य ।	प्रथम	2000	15.00 लाख	30000	दिनांक 31.03.2027 तक	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग क्र- 1 सिवनी
3	2026_PWD RB_543719	उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत विभिन्न मार्गो मे पुलिया मरम्मत का कार्य ।	प्रथम	2000	10.00 लाख	20000	दिनांक 31.03.2027 तक	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग क्र- 1 सिवनी
		योग 3			35.00 लाख			

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04/11/2026 (17.30 बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205 / प्रस/ लोनिवि / 20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निदेर्शानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा । इलेक्ट्रानिक ई. एम. डी. (धरोहर राशि) RTGS / NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें । इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप मे ई. एम. डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नही की जावेगी

(इंजी. कुलदीप चन्द्रवंशी) कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(भस) संभाग -1 सिवनी
G-20337/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, छिंदवाड़ा उत्पादन वनमंडल, (म.प्र.)

PHONE / FAX 07162-243460 e-mail - dfopchwara@mp.gov.in,

एफ.सी.ए. अंतर्गत ईमारती काष्ठ के परिवहन हेतु संक्षिप्त निविदा / नीलाम सूचना विज्ञप्ति वर्ष 2026-27

छिंदवाडा वनवृत्त के अंतर्गत वर्ष 2026-27 पश्चिम छिंदवाडा वनमंडल में उत्पादित ईमारती काष्ठ को निर्धारित डिपों तक परिवहन हेतु परिवहन समूहों की निविदा वनवृत्त कार्यालय छिंदवाडा में निम्न तिथियों में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्राप्त निविदाएँ वनवृत्त कार्यालय में निविदाकारों के समक्ष खोली जायेगी

निविदा क्रम	वनवृत्त कार्यालय छिंदवाडा में निविदा प्राप्त करने की दिनांक व समय	निविदा खुलने की दिनांक व समय	स्थान
प्रथम निविदा	22.10.2026 14.00 बजे	22.10.2026 15.00 बजे तक	संवाद सदन, वन वृत्त कार्यालय छिंदवाडा
द्वितीय निविदा	29.10.2026 14.00 बजे	29.10.2026 15.00 बजे तक	
तृतीय निविदा	05.11.2026 14.00 बजे	05.11.2026 15.00 बजे तक	

दिनांक 05.11.2026 को तृतीय चक्र की निविदा खुलने के पश्चात शेष बचे परिवहन समूहों का निवर्तन दिनांक 05.11.2026 को दोपहर 04.00 बजे से वनवृत्त कार्यालय छिंदवाडा में नीलाम द्वारा निवर्तन किया जायेगा। नीलाम की शर्ते निविदा शर्तो के अनुरूप रहेगी । निविदा की विस्तृत शर्ते परिवहन समूहों की सूची टेण्डर फार्म एवं अन्य जानकारियां अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस व समय पर उपलब्ध होंगी। निविदा दिनांक तक वनमंडल कार्यालय से दोपहर 12.00 बजे तक फार्म विक्रय किये जायेंगे। परिवहन समूहों की विस्तृत जानकारी तथा निविदा फार्म विभागीय वेबसाईट (www.mpforest.gov.in) पर उपलब्ध है। टेण्डर फार्म वेबसाईट से सीधे डाउनलोड कर रुपए 100/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो वनमंडलाधिकारी छिंदवाडा उत्पादन के नाम देय होगा, जमा किया जा सकता है। निविदाकार को निविदा की सभी शर्ते मान्य है, प्रमाणित करना होगा । निविदा/नीलाम के संबंध में अन्य जानकारी उत्पादन वनमंडल छिंदवाड़ा के कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07162-243460 से प्राप्त की जा सकती है । एवं विभागीय वेबसाईट (www.mpforest.gov.in) पर भी देखी जा सकती है ।

(गुरलीन कौर) वनमंडलाधिकारी
छिंदवाडा उत्पादन वनमंडल
G-20359/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

खंड - I ई - निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन — कार्यालय क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/E09/ई-टेंडरिंग/2026-27 सिवनी, दिनांक 15/10/2026

1. उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित इ 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	कार्य का विवरण	धरोहर राशि (एफ. डी. आर.)	निविदा दस्तावेजों का मूल्य (फार्म का मूल्य)
1	कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी हेतु वनगश्ती / वन सुरक्षा में उपयोग के लिये कुल 05 वाहन बोलेरो (Bolero) (डीजल - ए.सी.) मय वाहन चालक जिसका मॉडल 01 जनवरी 2023 अथवा उसके बाद का हो जिसमे GPS Tracker, Front & Rear Dash Cams with 07 days Backup, लगा हो एवं Taxi Permit होना आवश्यक है की निविदा आमंत्रित की जाती है।	रू. 54,000/-	1000/- Tax extra

कार्यालय का नाम	कार्यक्षेत्र	वाहन की संख्या
1. कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी	पेंच टाइगर रिजर्व के अंतर्गत सिवनी / छिंदवाड़ा जिले का संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र	05 नग

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक २२/10/2026 बजे 11:00 AM से दिनांक 31/10/2026 बजे 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथिया लागू होगी । 4. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं । 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

क्रमांक	विवरण	दिनांक	समय
1	Publish Date	21/10/26	11.00 AM
2	Document Sale Start Date	22/10/26	11.00 AM
3	Bid Submission Start Date	22/10/26	11.00 AM
4	Bid Submission End Date	31/10/26	05.00 PM
5	Bid Opening Date	02/11/26	12.00 PM

उप संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी (म.प्र.)
G-20322/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

राशिफल

मेष — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


धनु — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

शब्द पहेली - 6385



बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

	स	ला	म	त		म	हा	व	र	
का	म		ही	र		म	सि		थ	ल
फी		शा	न		वं		ल	ब		क्ष्य
		य		म	हा	न		र		
	फ	र	मा	न		र	स	खा	न	
का	की		ल				न		र	ति
	र	नि	वा	स		ह	म	द	म	
		य		र	ज	क		स्त		
जा		म	जा		हां		श	क		का
न	शा		य	म		पा	प		सा	या
	म	हा	का	ल		ल	थ	प	थ	

सूडोकु नवताल- 6395

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6394 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9

पचास वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में चिकन पॉक्स हो चुका है या किसी बीमारी की वजह से जिनकी इम्यूनिटी वीक है, उन्हें शिंगल्स डिजीज हो सकता है। यह बहुत पेनफुल वायरल इंफेक्शन है, जिससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवा सकते हैं। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल एडवाइस।

पेनफुल डिजीज शिंगल्स वैक्सीन से संभव है बचाव



प्रिकॉशन

डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
नई दिल्ली

शिंगल्स रोग को हर्पीस जोस्टर भी कहा जाता है। यह वेरिसेला जोस्टर वायरस के इंफेक्शन से होने वाला एक पेनफुल डिजीज है। यह उन लोगों को हो सकता है, जिन्हें बचपन में कभी चिकन पॉक्स हो चुका है। दरअसल, चिकन पॉक्स ठीक होने के बाद उसके वायरस इनएक्टिव फॉर्म में रोगी के टिश्यूज में या स्पाइनल कॉर्ड की नर्व्स में पड़े रहते हैं। फिर जब व्यक्ति पचास वर्ष की उम्र को पार कर लेता है, किसी बीमारी की वजह से उसकी इम्यूनिटी वीक हो जाती है तो ये वायरस फिर से एक्टिव होकर उसकी बॉडी स्किन के किसी एक पार्ट पर छोटे-छोटे वेसिकल्स के रूप में सामने आ सकते हैं, जिसे शिंगल्स कहते हैं। इस रोग के होने की आशंका उन लोगों में ज्यादा होती है, जिन्हें डायबिटीज, बीपी, कैंसर, अस्थमा जैसे रोग होते हैं, क्योंकि उनकी इम्यूनिटी काफी कमजोर हो जाती है।



शिंगल्स के लक्षण: शिंगल्स, बॉडी के किसी एक निश्चित पार्ट की स्किन पर छोटे-छोटे दानों या पानी वाले फफोलों के रूप में होता है। ज्यादातर शरीर के ऊपरी हिस्से यानी थोरेसिक पार्ट में, आंखों के पास या बैक पार्ट में स्पाइन के आस-पास की स्किन पर होता है।

शिंगल्स होने से पहले स्किन के उस पार्ट में बहुत ज्यादा दर्द महसूस होता है। फिर उसी स्थान पर तीन से पांच दिनों के बाद इसके वेसिकल्स प्रकट होते हैं। फिर इनमें पानी भर जाता है। इससे जुड़ा सबसे कॉम्प्लीकेटेड आस्पेक्ट, पोस्ट हरपेटिक न्यूराल्जिया है। इसमें कुछ पेशेंट्स को शिंगल्स के ठीक होने के बाद भी कई दिन, महीने या कभी-कभी एक साल तक करेंट लगने जैसा पेन होता रहता है।

अब उपलब्ध है वैक्सीन: शिंगल्स के मामले में अच्छी बात यह है कि अब इससे बचाव के लिए इफेक्टिव वैक्सीन उपलब्ध है। हालांकि वैक्सीन पहले भी उपलब्ध थीं लेकिन वो ज्यादा इफेक्टिव नहीं होती थीं और उनके कुछ साइड इफेक्ट्स भी होते थे। लेकिन अब शिंगरिक्स नामक वैक्सीन की दो डोज इससे बचाव करने में काफी कारगर है। इस वैक्सीन की दो डोज को दो से छह महीने के अंतराल पर लगाया जाता है। इसकी एफिशिएंसी 90 प्रतिशत से ज्यादा पाई गई है। इसलिए पचास वर्ष से ऊपर के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में स्मॉल या चिकन पॉक्स हो चुका है या जो बीपी, शुगर, अस्थमा के पेशेंट हैं या फिर जो इम्यूनोथेरेपी ले रहे हैं, वे शिंगल्स जैसे पेनफुल डिजीज से बचने के लिए यह वैक्सीन अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर लगवा सकते हैं।

ट्रीटमेंट का तरीका: जहां तक शिंगल्स के उपचार की बात है तो इसके पेशेंट्स को एंटीवायरल मेडिसिन दी जाती हैं। चूंकि यह बहुत पेनफुल डिजीज है, इससे राहत के लिए कई बार पेशेंट की कंडीशन के अनुसार नर्व्स को सुन्न करने वाली दवाएं भी दी जाती हैं। लेकिन इन दवाओं को देने के बाद भी कई बार पेशेंट को दर्द से पूरी राहत नहीं मिल पाती है। पेशेंट अपने रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पाता है। इसीलिए इससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना ही कारगर उपाय है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

मौसम में बदलाव का असर केवल तापमान पर ही नहीं, बल्कि हमारी सेहत पर भी पड़ता है। कभी सुबह और शाम हल्की ठंडक, तो कभी दिन में गर्मी, उमस, बारिश और बढ़ता वायु प्रदूषण शरीर के लिए कई तरह के रोगों के होने का रिस्क बढ़ा देता है। इनसे बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतते हुए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।

बदलते मौसम में बढ़ जाता है कई बीमारियों के होने का रिस्क

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. राजेश कालिटा
जनरल मेडिसिन स्पेशलिस्ट, दिल्ली

इन दिनों मौसम में बदलाव हो रहा है। सुबह-शाम, रात में ठंड तो दिन में गर्मी लगती है। मच्छरों का प्रकोप और प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इससे कई बीमारियों का रिस्क बढ़ गया है।

इन रोगों का बढ़ता है रिस्क

सर्दी-जुकाम और फ्लू: यह इस मौसम की सबसे आम समस्या है। इसमें नाक बहना या बंद होना, छींकें आना, गले में खराश, हल्का बुखार, बदन दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखते हैं। सामान्य जुकाम आमतौर पर 5-7 दिन में ठीक हो जाता है, जबकि फ्लू (इंफ्लूएंजा) में बुखार तेज होता है और कमजोरी अधिक रहती है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में खांसने-छींकने और हाथ मिलाने से आसानी से फैलता है।

गले का संक्रमण: टॉन्सिलाइटिस और फेरिन्जाइटिस जैसे गले के संक्रमण में गले में दर्द, निगलने में तकलीफ, आवाज बैठना और कभी-कभी बुखार होता है। ठंडी चीजों का सेवन और अचानक तापमान बदलना इसके प्रमुख कारण हैं। बच्चों में यह समस्या अधिक देखी जाती है।

खांसी और ब्रोंकाइटिस: लगातार खांसी, सीने में जकड़न, बलगम और सांस लेते समय घरघराहट, ब्रोंकाइटिस के लक्षण हो सकते हैं। यदि खांसी दो-तीन हफ्ते से अधिक चले, तो डॉक्टर को अवश्य दिखाना चाहिए।

एलर्जी और अस्थमा: धूल, धुएं, परागकणों और प्रदूषण के कारण आंखों में खुजली, लगातार छींकें, नाक से पानी बहना और त्वचा पर चकत्ते हो सकते हैं। अस्थमा या दमे के मरीजों में सांस फूलना, सीटी जैसी आवाज और सीने में भारीपन बढ़ जाता है। प्रदूषण के दिनों में यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

वायरल फीवर: इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, बदन टूटना, कमजोरी और कभी-कभी उल्टी या दस्त की शिकायत होती है। यह आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाता है, पर आराम और पर्याप्त तरल पदार्थ जरूरी हैं।



डेंगू और मलेरिया: बरसात के बाद मौसम बदलने के दौरान रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिसमें तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द तथा शरीर पर दाने हो सकते हैं। मलेरिया में ठंड लगकर बुखार आता है और पसीना आकर उतर जाता है। इन दोनों बीमारियों में देरी करना जानलेवा हो सकता है, इसलिए तुरंत जांच कराना आवश्यक है।

पेट के संक्रमण: दूषित पानी और बासी भोजन से दस्त, उल्टी, पेट दर्द, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड और पीलिया (हेपेटाइटिस-ए) जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इनमें शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) सबसे बड़ा खतरा है।

जोड़ों का दर्द और अकड़न: ठंडे और नम मौसम में गठिया के रोगियों और बुजुर्गों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। सुबह उठने पर अकड़न महसूस होती है।







त्वचा और आंखों की समस्याएं: मौसम में नमी, धूल, प्रदूषण और एलर्जी के कारण त्वचा में खुजली, चकत्ते, रूखापन तथा आंखों में जलन या पानी आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पसीने और नमी के कारण कुछ लोगों में फंगल संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है।

रोगों के कारण

इस मौसम में होने वाले तमाम तरह के रोगों के कई कारण हो सकते हैं।

तापमान में उतार-चढ़ाव: दिन में गर्मी और रात में ठंड होने से शरीर को बार-बार अपना तापमान संतुलित करना पड़ता है। इससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है।

वायरस का संक्रमण: फ्लू और सर्दी-जुकाम के वायरस ठंडे और शुष्क मौसम में ज्यादा सक्रिय रहते हैं।

नमी और गंदा पानी: बरसात के बाद जगह-जगह पानी जमा हो जाता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं। साथ ही दूषित पानी से पेट की बीमारियां फैलती हैं।

एलर्जी के कारक: धूल, परागकण (पोलन), फफूंद और प्रदूषण के कण हवा में बढ़ जाते हैं, जो एलर्जी और दमे के रोगियों को परेशान करते हैं।

खान-पान में लापरवाही: मौसम के अनुसार खान-पान और सोने-जागने के समय में बदलाव न करने से भी शरीर बीमार पड़ जाता है।

बचाव है संभव

इस मौसम में होने वाले रोगों से बचने के लिए आप कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

लें पौष्टिक आहार: घर का ताजा और गर्म खाना खाएं। बाहर का खुला और तला-भुना भोजन, कटे हुए फल और बासी खाने से बचें। मौसमी फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन लें। विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अमरूद, आंवला, संतरा और नीबू का सेवन करें। भोजन में हल्दी, अदरक, लहसुन, तुलसी और काली मिर्च का प्रयोग करें, जो प्राकृतिक रूप से संक्रमण से लड़ने में सहायक माने जाते हैं। सूखे मेवे, दालें और अंकुरित अनाज प्रोटीन और ऊर्जा के अच्छे स्रोत हैं। बहुत अधिक मीठे पेय पदार्थों और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रखें।

हाइड्रेशन का रखें ध्यान: हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं। दिनभर में पर्याप्त पानी पिएं। गुनगुना पानी, सूप, दाल का पानी और अदरक-तुलसी का काढ़ा भी लाभकारी है।

बीमार व्यक्ति से रहें दूर: सर्दी-खांसी वाले व्यक्ति से उचित दूरी बनाएं। यदि आप स्वयं बीमार हैं, तो घर पर आराम करें, ताकि संक्रमण दूसरों तक न फैले। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को टिश्यू या कोहनी से ढंकें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

पर्सनल हाइजीन का रखें ध्यान: हाथों को साबुन से कम से कम 20 सेकेंड तक धोएं, खासकर खाने से पहले, शौचालय के बाद और बाहर से आने पर। आंख, नाक और मुंह को बिना हाथ धोए न छुएं।

पहनें सही ड्रेस: परतों में ड्रेसेस पहनें, ताकि गर्मी या ठंड के हिसाब से उन्हें कम या ज्यादा किया जा सके। सुबह-शाम की ठंड से बचने के लिए हल्का जैकेट या शॉल साथ रखें। पसीने में भीगे कपड़े तुरंत बदलें और अचानक एसी या ठंडे कमरे से तेज गर्मी में न जाएं। एसी का तापमान 24-26 डिग्री से कम न रखें।

नाक, गले की देखभाल: जुकाम की शुरुआत में दिन में एक-दो बार भाप लें। गुनगुने पानी में चुटकी भर नमक डालकर दिन में 2-3 बार गरारे करें। सलाइन नेजल स्प्रे या ड्रॉप, धूल और एलर्जी में आराम देते हैं।

मच्छरों से सुरक्षा: घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। कूलर, गमलों, टायरों और छत पर रखे बर्तनों का पानी हर सप्ताह बदलें या खाली करें। खिड़कियों पर जाली लगवाएं और सोते समय मच्छरदानी या रिपेलेंट का उपयोग करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें, खासकर सुबह और शाम के समय। नालियों की सफाई और कीटनाशक के छिड़काव में सहयोग करें।

प्रदूषण से करें बचाव: बाहर निकलने से पहले वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) देखें। प्रदूषण अधिक होने पर बाहरी गतिविधियां कम करें और जरूरत के अनुसार अच्छी फिटिंग वाला एन-95 मास्क पहनें। सुबह की सैर तब करें जब हवा की गुणवत्ता बेहतर हो। प्रदूषण अधिक हो तो घर के अंदर हल्का व्यायाम करें। प्रदूषण अधिक होने पर खुले में व्यायाम करने से बचें। घर में एयर प्यूरीफायर या घर के अंदर लगाए जाने वाले पौधे उपयोगी हो सकते हैं। दमे और एलर्जी के मरीज अपनी दवाइयां और इनहेलर हमेशा साथ रखें। सार्वजनिक जगहों पर खासकर बंद जगहों (बस, मेट्रो, बाजार) में जाना यथासंभव अवॉयड करें। जरूरत के अनुसार मास्क पहनें।

करें व्यायाम: प्रतिदिन 5-10 मिनट डीप ब्रीदिंग, अनुलोम-विलोम करें। कम से कम 30 मिनट टहलें, योग या प्राणायाम करें। तनाव कम करने के लिए ध्यान, संगीत या परिवार के साथ समय बिताएं। रोज 7 से 8 घंटे की नींद भी जरूर लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

इन बातों का भी रखें ध्यान



गुनगुने पानी से गरारे, अदरक-तुलसी की चाय, हल्दी वाला दूध और भाप लेना हल्के सर्दी-जुकाम में आराम पहुंचा सकता है। लेकिन यदि लक्षण गंभीर हों या कुछ दिनों में ठीक न हों, तो घरेलू नुस्खों पर निर्भर रहने की बजाय चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। बच्चों को स्कूल भेजते समय मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, हैंड हाइजीन रखना सिखाएं और उन्हें ठंडे पेय और आइसक्रीम से कुछ समय के लिए दूर रखें। बुजुर्गों को नियमित दवाइयां समय पर देना, गर्म कपड़े पहनाना और ब्लड प्रेशर तथा शुगर की जांच कराते रहना जरूरी है। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा, विशेषकर बुखार या खांसी की सिरप न दें। इंफ्लूएंजा वैक्सीन लगवा सकते हैं। लेकिन बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, गर्भवती महिलाओं, दमा, मधुमेह या हृदय रोग से पीड़ित लोगों को इसके बारे में डॉक्टर से सलाह लें।

आंवले का सेवन करना है फायदेमंद

हर्बल जोन
रेखा देशराज

इन दिनों सब्जी-फल मार्केट में आंवला खूब बिक रहा है। यह सिर्फ विटामिन-सी का भंडार ही नहीं है बल्कि कई रोगों से बचाव में भी सहायक है। इसीलिए हमारे खान-पान से लेकर अनेक तरह की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आंवले का प्रयोग सदियों से हो रहा है। कभी दादी-नानी के मुरब्बे, कभी खट्टी, कसैली या तीखी स्वाद वाली चटनी, तो कभी आंवले का जूस, कभी आंवले का अचार। इस फल को अनेक तरीकों से सेहत और स्वाद दोनों के लिए खाया जाता है।

विटामिन-सी का खजाना: आंवले की सबसे बड़ी पोषण विशेषता इसमें मौजूद विटामिन-सी है। यह विटामिन शरीर में कोलेजन के निर्माण, घाव भरने की प्रतिरक्षा तंत्र के सामान्य कामकाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आंवला एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाने में मददगार होता है। आंवला खाना शरीर को जरूरी पोषण देने का एक तरीका है। लेकिन इसे किसी बीमारी का पूर्णतः इलाज नहीं समझना चाहिए।



ये भी होते हैं पोषक तत्व: आंवले में विटामिन-सी के अलावा भी अनेक महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं। मसलन पॉलिफेनॉल जैसे जैव सक्रिय यौगिक। ये यौगिक शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव से जुड़ी प्रक्रियाओं पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह रक्त में वसा के स्तर, रक्त शर्करा और शरीर में सूजन से संबंधित समस्याओं पर बेहद सकारात्मक परिणाम देता है।

नियमित रूप से आंवला खाने से मधुमेह, हृदय रोग या दूसरी गंभीर बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलती है।

रखें ध्यान: जिन लोगों को गुर्दे की पथरी की समस्या हो, उन्हें विशेष रूप से अधिक मात्रा में आंवले का रस या इस पर केंद्रित सप्लीमेंट लेने से पहले अपने डॉक्टर से इस पर गंभीरता से सलाह लेना चाहिए। अधिक चीनी वाले आंवले का मुरब्बा भी सीमित मात्रा में सेवन करने चाहिए। डॉक्टर से कंसल्ट कर ही इसकी मात्रा निर्धारित करें।

ऐसे करें सेवन: ताजा आंवला अच्छी तरह धोकर काटें और अपनी सहनशीलता के अनुसार थोड़ी मात्रा से खाना शुरू करें।

चटनी के रूप में आंवला खाने के लिए इसे धनिया, पुदीना और दूसरे मसालों के साथ तैयार कर सकते हैं। कद्दूकस किया हुआ आंवला गाजर या खीरे के सलाद में डालकर खा सकते हैं। बिना अतिरिक्त चीनी वाले आंवला के रस को पिएं, लेकिन इसे पानी का विकल्प न मानें। आंवले का मुरब्बा या कैंडी खाते समय चीनी की मात्रा का ध्यान जरूर रखें। *



पोलियो से बचाव के लिए सतर्कता बरतना है जरूरी

अवेयरनेस
डॉ. नरेश कुमार
सीनियर जनरल फिजिशियन
एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली

हालांकि देश में पोलियो इरेडिकेशन प्रोग्राम से वाइल्ड पोलियो वायरस से मुक्ति मिल चुकी है, लेकिन इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है। वर्ल्ड पोलियो डे (24 अक्टूबर) के अवसर पर जानिए इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

पोलियो को चिकित्सा विज्ञान में पोलियोमाइलाइटिस कहा जाता है। यह बीमारी पोलियो वायरस के कारण होती है, जो मुख्य रूप से मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश करता है और आंतों में अपनी संख्या बढ़ाता है। कुछ मामलों में वायरस रक्त के माध्यम से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक पहुंचकर उन तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जो मांसपेशियों की गतिविधियों को नियंत्रित करती हैं। इससे मांसपेशियों में कमजोरी या स्थाई लकवा हो सकता है। कुछ मामलों में यह सांस की मांसपेशियों को भी प्रभावित करता है, जिससे जान भी जा सकती है।

बच्चों को ज्यादा रिस्क: पोलियो एक गंभीर संक्रामक बीमारी है। इसे 'बच्चों का लकवा' भी कहा जाता है। हालांकि यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन पांच साल से कम उम्र के बच्चों में इसका खतरा अधिक होता है। लगभग 200 संक्रमित बच्चों में से किसी एक में गंभीर रूप दिखता है, यानी पैरालिटिक पोलियो। लकवाग्रस्त बच्चों में से 5 से 10 प्रतिशत की मौत भी हो सकती है।



क्या है स्थिति: डब्ल्यूएचओ के अनुसार वैक्सीन की बदौलत आज दुनिया भर में पोलियो की बीमारी लगभग खत्म हो चुकी है। भारत में भी 'दो बूंद जिंदगी की' संदेश लेकर चला पल्स पोलियो अभियान काफी कारगर रहा। फिर भी इसके वाइल्ड पोलियो वायरस और वैक्सीन डिराइव्ड पोलियो वायरस का खतरा कई देशों में अभी भी मौजूद है। इसीलिए भारत में रुटीन इम्यूनाइजेशन के तहत बच्चों को ओपीवी और आईपीवी की खुराकें दी जाती हैं और समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाए जाते हैं।

कैसे फैलता है: पोलियो वायरस इंसान के शरीर में मुंह के रास्ते दाखिल होता है। इसका मुख्य तरीका फीकल-ओरल रूट है, यानी दूषित पानी या खाना, साफ-सफाई की कमी, संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आना। कभी-कभी खांसी या छींक के जरिए भी यह फैल सकता है। वायरस आंत में बढ़ता है और संक्रमित व्यक्ति के मल के जरिए हफ्तों तक बाहर निकलता रहता है। इसीलिए जहां सैनिटेशन कमजोर होता है, वहां यह तेजी से फैलता है।

रोग के लक्षण: पोलियो के ज्यादातर संक्रमित लोगों (लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा) में कोई लक्षण दिखते ही नहीं, लेकिन वे दूसरों को वायरस फैला सकते हैं। कुछ लोगों में हल्के लक्षण होते हैं। इनमें बुखार, थकान, सिरदर्द, उल्टी, गर्दन में अकड़न, हाथ-पैरों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, गंभीर मामलों में हाथ या पैर में अचानक ढीलापन और लकवा होना।

पोलियो का इलाज: पोलियो का कोई प्रॉपर परफेक्ट इलाज नहीं है। एक बार लकवा हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता। इलाज सिर्फ सपोर्टिव होता है- आराम, दर्द की दवा, फिजियोथेरेपी, ब्रेसेस या कैलिपर्स और गंभीर मामलों में सांस के लिए वेंटिलेटर। इसीलिए रोकथाम ही सबसे कारगर उपाय है।

बचाव के उपाय: पोलियो से बचाव के लिए टीकाकरण और संक्रमण की रोकथाम बेहद महत्वपूर्ण हैं। पोलियो से बचने के लिए मुख्य रूप से दो प्रकार के टीकों का इस्तेमाल किया जाता है। ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी), जो मुंह में बूंदों के रूप में दी जाती है। इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) यह इंजेक्शन के माध्यम से दी जाती है। बच्चों को समय पर इसकी सभी खुराकें दिलाएं। 5 साल से कम उम्र के हर बच्चे को ओपीवी की डोज पिलाएं, चाहे उसे पहले सारी खुराकें मिल चुकी हों। साफ-सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखें। खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोएं। साफ और सुरक्षित पीने का पानी इस्तेमाल करें। पानी उबालकर या फिल्टर करके पिएं। *

प्रस्तुति: सृजन अरोड़ा

एशियन पैरा गेम्स : एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 50 से अधिक मेडल

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन पैरा गेम्स में बुधवार को भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कुल पदकों की संख्या को 50 के पार पहुंचा दिया है। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में भारतीय धावकों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए देश की झोली में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक डाले। भारत के दिलीप गावित ने 10.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिगानकथ 10.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया।

100 मीटर टी47 में दिलीप गावित ने जीता गोल्ड

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत ने एक और यादगार प्रदर्शन किया। दिलीप गावित (टी46 वर्ग) ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनाकाथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप गावित (टी46 कैटेगरी) ने 10.69 सेकंड के शानदार समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, बेसिल (टी47 कैटेगरी) ने 10.72 सेकंड का समय निकालकर सिल्वर मेडल जीता और इस स्पर्धा में एक नया 'गेम्स रिकॉर्ड' भी बनाया। इससे पहले, दिलीप गावित एशियन पैरा गेम्स 2022 में मेंस 400 मीटर टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था, जो इन खेलों में भारत का ऐतिहासिक 100वां मेडल था। उन्होंने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में भी पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश को गौरवान्वित किया।



ऊंची कूद : प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड

प्रवीण कुमार ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। टी64 और टी44 वर्ग के एथलीट अक्सर संयुक्त स्पर्धा में एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि विश्व पैरा एथलेटिक्स पर्याप्त प्रतियोगियों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निचले अंगों के वर्गों को एक समूह में रखता है। टी64 उन एथलीटों के लिए है, जो कृत्रिम निचले अंगों का उपयोग करते हैं, जबकि टी44 उन एथलीटों के लिए है, जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं लेकिन वह कृत्रिम अंगों का उपयोग नहीं करते हैं।

शॉट पुट एफ53 : आयुष वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

आयुष वर्मा ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। ईरान के अलीरेजा हेमामी 8.09 मीटर के साथ दूसरे, जबकि कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कालियेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आयुष ने इससे पहले मंगलवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ53/एफ54 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एफ53 उन एथलीटों के लिए है जिनकी धड़ और पैरों की गति अत्यधिक जबकि हाथों की पकड़ कम प्रभावित होती है। वे बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी छाती, ऊपरी पीठ और कंधों का उपयोग करके ताकत लगाते हैं।



सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में लहराया तिरंगा

भारतीय पैरा स्प्रिंटर सिमरन शर्मा ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 वर्ग की फाइनल रेस में 12.02 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी के साथ हीट्स में बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। इससे पहले, मंगलवार को सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 कैटेगरी में 24.80 सेकंड का समय निकालकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) से समर्थित सिमरन ने 12.13 सेकंड के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में इसी स्पर्धा में 12.68 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.66 सेकंड का सुधार करते हुए इसे गोल्ड में बदल दिया।

टेस्ट में स्टीव स्मिथ ने पूरे किए 11 हजार



एजेंसी ▶▶| गकेबरहा

साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट मैच गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। स्टीव स्मिथ पहली पारी में 28 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इस पारी के दौरान उन्होंने एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में 11 हजार रन पूरे कर लिए हैं। स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह मुकाम हासिल करने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बने हैं। स्मिथ से पहले कंगारू टीम की ओर से यह उपलब्धि सिर्फ रिकी पोंटिंग और एलन बॉर्डर ही हासिल कर सके हैं। स्मिथ ने यह उपलब्धि अपने टेस्ट करियर के 126वें मैच में हासिल की। हालांकि, स्मिथ पहली पारी में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। वह 88 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 28 रन बनाकर आउट हुए।

भारत ने 2022 में खेला था न्यूजीलैंड में टी20 मैच

सिर्फ 2 दिन के अभ्यास के साथ न्यूजीलैंड दौरे का आगाज आज से

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था।

भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ 4 बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं, जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है।



अय्यर के सामने कड़ी चुनौती

अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ़ जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है।

पंड्या-बुमराह टीम से बाहर

भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे।
सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी।

टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल? शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार , वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।
न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन , जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।
मैच का समय : दोपहर 12 . 30 से ।

वैभव के लिए जगह बनाना आसान नहीं : श्रेयस अय्यर



एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अभी अंतिम एकादश में आसानी से जगह नहीं मिल सकती क्योंकि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के रूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने हालांकि कहा कि इस किशोर बल्लेबाज को सही समय पर उचित मौके जरूर मिलेंगे। सूर्यवंशी को इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए टीम में चुना गया था। भारत ने तब से जो 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं उनमें से सूर्यवंशी ने केवल आठ में हिस्सा लिया है, क्योंकि नियमित सलामी बल्लेबाज अभिषेक और सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दोनों ने इस साल की शुरुआत में भारत को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अय्यर ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि उनके (सूर्यवंशी) जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में हमेशा खुश रहें।' उन्होंने कहा, 'वह बहुत युवा है और उसे आगे काफी मौके मिलेंगे। ऐसा नहीं है कि उसे सीधे अंतिम एकादश में जगह मिल जाएगी, क्योंकि हमारे सलामी बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने विश्व कप जीता है।'

खबर संक्षेप



सिलिकॉन वैली ओपन दूसरे दौर में अनाहत

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेली जा रही सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने पहले मैच में मिस्र की नूर अबुलमकारिम को 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। जापान में हाल ही में हुए एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने 143,500 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता का पहला मैच केवल 31 मिनट में जीता। विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत का अगला मुकाबला मिस्र की विश्व में नंबर तीन और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त नूर एलशेरबिनी से होगा।

रणजी ट्रॉफी: मुंबई का शानदार प्रदर्शन हिमाचल को पारी के अंतर से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी में बुधवार को चार बड़े मुकाबलों के नतीजे निकले। मुंबई ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिमाचल प्रदेश को हराया। वहीं, केरल और पंजाब ने भी बड़ी जीत दर्ज की।

मुंबई बनाम हिमाचल प्रदेश

रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप डी में मुंबई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 97 रनों से हराया। पहली पारी में हिमाचल की पूरी टीम सिर्फ 140 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इसके जवाब में मुंबई ने सरफराज खान की 154 रनों की लाजवाब पारी के बूते 8 विकेट खोकर 528 रन बनाने के बाद अपनी पारी को घोषित किया। दूसरी पारी में भी हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 291 रन बनाकर ऑलआउट हुई।



पंजाब बनाम छत्तीसगढ़

रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप बी में पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 7 विकेट से शिकस्त दी। पंजाब के लिए इस मुकाबले में शुभमन गिल मैदान पर उतरे। हालांकि, वह पहली पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, दूसरी इनिंग में वह बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। पंजाब ने पहली पारी में 456 रन बनाए, जिसके जवाब में छत्तीसगढ़ की पूरी टीम 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई। छत्तीसगढ़ को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम ने 335 रन बनाए। हालांकि, पंजाब ने 3 विकेट खोकर 86 रन बनाते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

केरल बनाम ओडिशा

ग्रुप सी के मुकाबले में केरल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा को एक पारी में 36 रनों से रौंदा। केरल ने पहली पारी में 404 रन बनाए, जिसके जवाब में ओडिशा की पूरी टीम 225 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ओडिशा को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम दूसरी पारी में 143 रन बनाकर सिमटी। केरल की जीत के नायक मोहम्मद अजहरुद्दीन रहे, जिन्होंने 139 रनों की लाजवाब पारी खेली।

हैदराबाद बनाम आंध्र

ग्रुप बी के मुकाबले में हैदराबाद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आंध्र को 267 रनों से हराया। पहली पारी में हैदराबाद में 275 रन बनाए, जिसके जवाब में आंध्र की पूरी टीम 184 रन बनाकर सिमटी। दूसरी इनिंग में 7 विकेट खोकर 306 रन बनाने के बाद हैदराबाद ने अपनी पारी को घोषित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र की पूरी टीम महज 130 रन बनाकर ढेर हो गई।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत 22 जनवरी को काठमांडू में वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित किया, जो 21 जनवरी से 6 फरवरी तक बांग्लादेश और नेपाल में खेला जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता के मैच चट्टोग्राम, सिलहट और काठमांडू में खेले जाएंगे। दो बार के चैंपियन भारत को सह-मेजबान नेपाल, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश और यूएई 21 जनवरी को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगा भारत



खेलेंगे, जबकि इसी दिन सिलहट में ऑस्ट्रेलिया का सामना नाइजीरिया से होगा। ग्रुप चरण के मैच 26 जनवरी तक खेले जाएंगे। इसके बाद सुपर सिक्स शुरू होगा। दोनों सेमीफाइनल चार फरवरी को चट्टोग्राम में खेले जाएंगे। फाइनल भी छह फरवरी को चट्टोग्राम में ही होगा।

कल से राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप



अहमदाबाद। अहमदाबाद 23 से 31 अक्टूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। 9 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में 13 देश हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) की स्वीकृति से भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) की ओर से आयोजित इस चैंपयिनशिप में 23 टीम और 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान 62 मुकाबले होंगे। भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी सुरजीत सिंह करेंगे जबकि महिला टीम की कमान निधि शर्मा संभालेंगी।

आईसीसी रैंकिंग

राशिद की बादशाहत बरकरार टॉप 10 में शाई होप की एंट्री



एजेंसी ▶▶| दुबई

जिम्बाब्वे के खिलाफ ट्राई सीरीज के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में अपनी नंबर एक की पोजीशन को और मजबूत कर लिया है। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ताजा वनडे बॉलिंग रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाज सेदिकुल्ला अटल को भी ताजा रैंकिंग अपडेट से बड़ा फायदा मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के बाद वह वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें से 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप टॉप 10 में आ गए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड छह स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गए हैं।

चैंपियंस लीग : यामल की चमक फीकी, तालिका में टॉप पर पहुंची पीएसजी

पीएसजी ने रोका बार्सिलोना का विजयी अभियान

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लामिन यामल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद बार्सिलोना को 4-2 से हराकर उसका 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

इस मैच का रोमांचक अंत हुआ, जिसमें आखिरी 20 मिनट में चार गोल किए गए। इससे पीएसजी लिवरपूल के साथ उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं।



रुइज के गोल से जीती पीएसजी

यामल ने खूबसूरत गोल करके करके बार्सिलोना को पीएसजी के खिलाफ 2-2 से बराबरी दिला दी थी। पीएसजी ने हालांकि विटिन्हा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। उसकी तरफ से फैबियन रुइज ने चौथा गोल करके जीत सुनिश्चित की। पीएसजी के लिए डौए और लुकास हर्नांडेज ने भी गोल किए। बार्सिलोना के लिए जावी एस्पार्ट ने भी गोल किया। मैनचेस्टर सिटी ने पीएसजी से मिली हार से उबरते हुए एईके एथेंस के खिलाफ 5-1 से शानदार जीत दर्ज की। एटलेटिको मैड्रिड ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए स्टटगार्ट के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।



उपभोक्ता आयोग का फैसला, कंपनी को ब्याज सहित भुगतान का आदेश

कोरोना इलाज के बीमा क्लेम में कटौती अनुचित



जबलपुर। कोरोना के इलाज के बीमा क्लेम में कटौती को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने अनुचित माना। आयोग ने यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को पीड़ित महिला को 27,377 रुपये सात प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने मानसिक क्षतिपूर्ति के पांच हजार और परिवाद व्यय के दो हजार रुपये अलग से देने के निर्देश भी दिए हैं।

अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना व सदस्य सुषमा पटेल और मनोज कुमार मिश्रा की पीठ ने शांति देवी के परिवाद पर यह आदेश पारित किया। परिवादी जबलपुर निवासी शांति देवी की ओर से अधिवक्ता अरुण जैन ने कोर्ट को बताया कि कोरोना संक्रमण के दौरान मेट्रो हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में उपचार कराया था। इलाज पर 1,65,000 रुपये खर्च हुए, लेकिन बीमा कंपनी ने 82,131 रुपये ही स्वीकृत किए। शेष राशि के भुगतान से असंतुष्ट होकर उन्होंने आयोग की शरण ली। बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि परिवादी समूह स्वास्थ्य बीमा पालिसी की हितग्राही थीं और पालिसी की शर्तों के अनुसार भुगतान किया गया। आयोग ने कोरोना को पूर्व से विद्यमान बीमारी मानकर क्लेम में कटौती के आधार को स्वीकार नहीं किया। स्वीकृत राशि में से पहले किए गए भुगतान को घटाने पर 27,377 रुपये शेष पाए गए। आयोग ने कंपनी को आदेश के दो माह के भीतर शेष राशि पर आठ अगस्त 2021 से वास्तविक भुगतान तक सात प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देने के निर्देश दिए।

छह हजार रुपये ब्याज सहित क्षतिपूर्ति का आदेश

मोतियाबिंद के ऑपरेशन का क्लेम काटना बीमा कंपनी को पड़ा भारी

जबलपुर। पत्नी की दोनों आंखों के मोतियाबिंद आपरेशन के बीमा दावों में कटौती के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक ने यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को अनुचित कटौती के लिए जिम्मेदार माना । आयोग ने परिवाद आंशिक रूप से स्वीकार कर बीमा कंपनी को छह हजार रुपये ब्याज सहित तथा पांच हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति और वाद व्यय के रूप में देने के निर्देश दिए हैं। जबलपुर निवासी अरुण कुमार पचौरी ने बीमा कंपनी से पांच लाख रुपये बीमित राशि की पालिसी ली थी। अधिवक्ता अरुण जैन ने कोर्ट को बताया कि पालिसी अवधि में उनकी पत्नी के दाहिनी और बाईं आंख के मोतियाबिंद का आपरेशन कराया गया। परिवादी के अनुसार, दोनों ऑपरेशन पर 80-80 हजार रुपये खर्च हुए। बीमा कंपनी ने दोनों दावों में 27,500-27,500 रुपये, कुल 55 हजार रुपये का भुगतान किया था। शेष राशि के लिए परिवादी ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। बीमा कंपनी ने दलील दी कि चिकित्सा खर्च का पूरा विवरण और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए थे। पालिसी की शर्तों के अनुसार रूम, नर्सिंग और आईओएल चार्जेस में कटौती की गई थी। आयोग ने पाया कि डे-केयर प्रक्रिया के नाम पर रूम और नर्सिंग चार्जेस में की गई कटौती उचित नहीं थी, क्योंकि मरीज को दो दिन भर्ती रखा गया था। हालांकि, अन्य मदों में की गई कटौती को आयोग ने उपलब्ध साक्ष्यों और पालिसी की शर्तों के आधार पर स्वीकार किया। आयोग ने पारित आदेश में छह हजार रुपये पर 18 अप्रैल 2019 से भुगतान तक छह प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पांच हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति और पांच हजार रुपये वाद व्यय के रूप में देने को कहा।

हाईकोर्ट ने जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त को 30 दिन में अभ्यावेदन निराकृत करने के दिए

छात्रावास अधीक्षकों के तबादलों पर यथास्थिति के आदेश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास अधीक्षकों के स्थानांतरण से जुड़े मामले में याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत दी है । कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की वर्तमान पदस्थापना, सेवा और छात्रावास अधीक्षक के प्रभार के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने संबंधित अभ्यावेदनों का 30 दिनों के भीतर निराकरण करने का आदेश दिया है। यह व्यवस्था अभ्यावेदनों के निराकरण तक प्रभावी रहेगी।

मंडला निवासी मीरा मार्को सहित अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त द्वारा एक अक्टूबर 2026 को जारी परिपत्र को चुनौती दी गई थी। इसके तहत वर्तमान पदस्थापना स्थल पर सात वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर चुके छात्रावास अधीक्षकों का स्थानांतरण करने के निर्देश दिए गए थे। परिपत्र में भविष्य में ऐसे कर्मचारियों को छात्रावास अधीक्षक का प्रभार नहीं सौंपने का प्रावधान भी किया गया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के बीच स्थानांतरण होने से उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अप्रैल 2027 में शैक्षणिक सत्र समाप्त होने तक वर्तमान पदस्थापना पर बने रहने की अनुमति मांगी थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि वे विभागीय नीति के अनुसार स्थानांतरण के विकल्प देने को तैयार हैं, लेकिन स्थानांतरण की कार्रवाई शैक्षणिक सत्र समाप्त होने के बाद की जाए। सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन सक्षम प्राधिकारी के समक्ष लंबित हैं और उनका निराकरण विभागीय स्थानांतरण नीति के अनुसार किया जाएगा। कोर्ट ने मामले पर विचार करने के बाद जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त को निर्देशित किया कि प्रमाणित आदेश प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदनों का निष्पक्ष रूप से, कानून और प्रचलित स्थानांतरण नीति के अनुरूप निराकरण किया जाए। तब तक याचिकाकर्ताओं की वर्तमान पदस्थापना, सेवा और छात्रावास अधीक्षक के प्रभार के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कार में टक्कर लगने पर मुंडा टोला में बलवा

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत भुतआई मुंडा टोला के रोड किनारे खड़ी एक आटो से सटाकर एक कार निकली, जिससे कार में खरोंच आ गई, इसी बात पर कार चालक अपने परिवार वालों के साथ आटो चालक के घर आया और गालीगलौज व मारपीट कर पत्थर, डंडे व लाठी से हमला कर घायल कर दिया और घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। मारपीट के दौरान चार लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया निवासी 26 वर्षीय ड्राइवर दुर्गेश साहू गत रात लगभग 8.30 बजे अपने आटो को भुतआई मुण्डा टोला के रोड किनारे खड़ा किया था तभी गावं का सुरेन्द्र श्रीपाल अपनी ईको कार से सालीवाड़ा देवद्वार जा रहा था जिसने कार को आपे आटो से सटाकर निकाला तभी कार में पीछे तरफ खरोंच लग गई। उसके बाद दुर्गेश आटो लेकर घर आ गया तभी लगभग आधा घण्टे बाद सुरेन्द्र श्रीपाल अपने परिवार के सदस्यों सौरभ श्रीपाल, लल्लू उर्फ नरेन्द्र श्रीपाल, दीपेंश श्रीपाल, सचिन सभी एक राय होकर लाठी डंडा पत्थर लेकर उसके घर के अंदर घुस आये और कार में टक्कर मारने की बात पर गालिंया देने लगे। उसके पिता जुगल किशोर साहू, बड़ा भाई अमित साहू, माँ सुनीता बाई साहू ने धीरे बात करने और बैठकर बात सुलझा लेने की बात कही तो इसी बात पर सुरेन्द्र श्रीपाल ने उसके साथ गाली गलौज करते हुये लाठी से हमला कर उसके नाक आंख के पास चोटे पहुँचा दी, उसके पिता व भाई अमित साहू बीच बचाव करने लगे तो लल्लू श्रीपाल, सुरेन्द्र श्रीपाल लाठी से हमला कर दिया। वहीं माँ सुनीता साहू एवं भाभी काजल साहू बीच बचाव करने आये तो सचिन श्रीपाल ने मां पर पत्थर से और भाभी काजल पर डंडे से हमला कर आंगन में खड़ी आपे एवं अशोक लीलैंड गाडी में तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिए, मोहल्ले के लोगों ने आकर बीच बचाव किये तो सभी जान से मारने की धमकी दी।

डंडे से पीटकर उतारा मौत के घाट, नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

पिता को गाली देने पर भड़के बेटे



जबलपुर। खेती-किसानी और मजदूरी को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी वारदात में बदल गया। पिता को अपशब्द कहे जाने से नाराज दो आरोपियों ने एक व्यक्ति पर डंडे से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक आरोपी नाबालिग है।

तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा के मुताबिक, सोमवार दोपहर ग्राम नारायणपुर में मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल शेर सिंह तेकाम को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया था। उसके भाई मुन्नालाल तेकाम ने पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी करता है। दोपहर करीब 1:30 बजे शंभू तेकाम और 17 वर्षीय एक किशोर ने शेर सिंह के साथ लकड़ी के डंडे से मारपीट की थी। हमले में उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। बेहोशी की हालत में उसे 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

पिता के अपमान को लेकर हुआ विवाद

पुलिस की जांच में सामने आया कि शेर सिंह का शंभू तेकाम के पिता के साथ खेती-किसानी और मजदूरी की बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान शेर सिंह ने कथित तौर पर उनके साथ गाली-गलौज की थी। इसी बात से नाराज होकर शंभू और किशोर मोटरसाइकिल से शेर सिंह के घर पहुंचे। वहां दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से शेर सिंह की मौत हो गई।

डंडा और बाइक जब्त

घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और ग्राम नारायणपुर से दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



सीएम हेल्पलाइन निराकरण में जबलपुर प्रदेश में अव्वल

जबलपुर। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जबलपुर ने सितंबर माह की ग्रेडिंग में प्रदेश के सभी 55 जिलों में पहला स्थान हासिल किया है। जिले ने प्रथम समूह के ए रेटिंग वाले जिलों में भी शीर्ष स्थान प्राप्त किया। लोकसेवा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी ग्रेडिंग में जबलपुर को 88.46 वेटेज अंक मिले। इससे पहले जुलाई 2023 में भी जिला प्रथम समूह के ए रेटिंग वाले जिलों में अव्वल रहा था। सितंबर में जिले को 14,148 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 88 प्रतिशत से अधिक का निराकरण आवेदकों की संतुष्टि के साथ किया गया। शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए निर्धारित 60 अंकों में से जिले को 52.91 अंक मिले, जबकि 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में 20 में से 15.67 अंक प्राप्त हुए। प्रथम समूह के जिलों में द्वितीय 88.15 अंकों के साथ दूसरे और उज्जैन 86.41 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने भविष्य में भी आम लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने और इसी तरह निरंतर प्रयास जारी रखने के निर्देश दिए।

17 दुकानें खाक, दशहरे के भीड़ में फंसे रहे दमकल वाहन

त्रिपुर सुंदरी मंदिर के बाहर लगी दुकानों में भड़की आग

जबलपुर। भेड़ाघाट रोड पर तेवर स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर के बाहर मंगलवार रात दशहरे की अचानक आग लग गई। आग मंदिर परिसर के बाहर बनी दुकानों की कतार में लगी, जिससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में 17 दुकानें जलकर खाक हो गई है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। बताया गया है कि विजयदशमी के दिन शहर में चारो तरफ भीड़भाड़ होने की वजह से दमकल वाहनों को प पहुंचने पर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा जिससे आग को भडकने का मौका मिला, कई जगह पर दशहरे की भीड़ में दमकल वाहन फंसे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग पहले एक दुकान में लगी और कुछ ही मिनटों में पास की अन्य दुकानों तक फैल गई। दुकानों में पूजा सामग्री, अगरबत्ती, कपड़े और त्योहारी सामान रखा था, जिसके कारण लपटें तेज हो गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के समय मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। पुलिस और मंदिर समिति के लोगों ने तुरंत श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये का सामान नष्ट हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

परिजनों ने थाने में पिटाई का लगाया आरोप, न्यायिक जांच होगी

युवक की संदिग्ध मौत के बाद बवाल

जबलपुर। लार्डगंज थाना अतंर्गत गढ़ा फाटक स्थित महाकाली के दर्शन करने आए शहपुरा से आए एक 27 वर्षीय युवक आकाश चौधरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद मामला गरमा गया। परिजनों ने पुलिस पर थाने के भीतर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया, जबकि पुलिस का कहना है कि नशे की हालत में छेड़छाड़ करने पर भीड़ ने युवक को पीटा था। पुलिस उसे सुरक्षा की दृष्टि से थाने लेकर आई थी। देर रात तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर नेशनल अस्पताल में परिजनों और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति बन गई। मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की बात कही गई है।

मामा के बेटे के साथ निकला था घूमने

जानकारी के अनुसार, शहपुरा क्षेत्र के ग्राम भभकी निवासी 27 वर्षीय आकाश चौधरी सोमवार रात करीब 9:30 बजे अपने मामा के बेटे 20 वर्षीय विवेक चौधरी निवासी पिपरिया, के साथ बाइक से जबलपुर पहुंचा था। दोनों गढ़ाफाटक स्थित महाकाली मंदिर में दर्शन करने गए थे। इसी दौरान भीड़ के बीच आकाश के साथ विवाद होने की बात सामने आई।

वीडियो बनाने के दौरान विवाद, थाने ले गई पुलिस

मृतक के ममेरे भाई विवेक के मुताबिक, मंदिर परिसर में भीड़ के बीच आकाश मोबाइल से वीडियो बना रहा था। इसी दौरान एक महिला सब-इंस्पेक्टर से उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद पुलिस आकाश को लार्डगंज थाने ले गई। विवेक का आरोप है कि जब वह पीछे-पीछे थाने पहुंचा, तो परिसर में खून बिखरा हुआ था और पुलिसकर्मी आकाश के साथ मारपीट कर रहे थे। विवेक के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने उसे घर जाने और सुबह थाने आने के लिए कहा। इसके बाद वह डर के कारण वापस गांव चला गया।

अस्पताल में पुलिस से झूमाझपटी

मंगलवार सुबह गांव के कोटवार भूपत ने परिजनों को आकाश की अस्पताल में मौत होने की सूचना दी। इसके बाद परिजन नेशनल अस्पताल पहुंचे। विवेक के आरोपों के आधार पर परिजनों ने पुलिस पर थाने में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस दौरान परिजनों और पुलिसकर्मियों के बीच झूमाझटकी होने की बात भी सामने आई है।

पुलिस का दावा—भीड़ ने की थी मारपीट

पुलिस के मुताबिक, गढ़ा फाटक क्षेत्र में नशे की हालत में एक युवक द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की सूचना मिली थी। इस दौरान भीड़ ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने उसे सुरक्षा की दृष्टि से लार्डगंज थाने पहुंचाया था। पुलिस का कहना है कि युवक थाने में बेंच पर सो गया था। देर रात तबीयत बिगड़ने पर उसे नजदीकी नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब एक से डेढ़ घंटे के उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

न्यायिक जांच होगी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच कराए जाने की बात कही गई है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि मंदिर परिसर में विवाद किन परिस्थितियों में हुआ, युवक के साथ मारपीट किसने की और थाने में उसके साथ किसी तरह की मारपीट हुई थी या नहीं। जांच के तहत गढ़ा फाटक क्षेत्र से लेकर लार्डगंज थाने तक के सीसीटीवी फुटेज जुटाकर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जाएंगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों से युवक की मौत के कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्री RNI No. : MPHIN/2008/24240

विजयादशमी चल समारोह में रामलीला की झांकियों ने शमां बांधा

आदि शक्ति जगदम्बे को विदाई देने उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





जबलपुर। शारदेय नवरात्र पर्व का समापन मंगलवार को विजयादशमीं पर रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों के दहन और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हो गया। मंगलवार की सुबह से ही प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। जो प्रतिमाएं जुलूस में शामिल नहीं होती, उनमें से कई सुबह से बाजे-गाजे के साथ नर्मदा के भिटौली और तिलवारा कुंड के लिए रवाना हो गई थीं। प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार को भी उपनगरीय क्षेत्रों में जारी रहा।

डेढ़ घंटे लेट हुआ जुलूस

शहर में परम्परानुसार शाम को नगर निगम चौक से एक भव्य विजयादशमीं जुलूस श्री गोविंदगंज रामलीला समिति के नेतृत्व में निकाला गया। इस अवसर पर जुलूस मार्ग पर भारी संख्या में जनसैलाब मौजूद था। जय दुर्गे, जय काली, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शाम 7.00 के बजाये 8.30 बजे के बाद मुख्य जुलूस नगर निगम चौक से प्रारंभ हुआ। अपने परम्परागत मार्गों से यह जुलूस हनुमानताल सरोवर पहुंचा, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

पहली प्रतिमा का रात 2 बजे विर्सजन

पहली प्रतिमा जहां रात 2 बजे विसर्जित की गई, वहीं अंतिम प्रतिमा का विसर्जन सुबह 11 बजे तक हुआ। जुलूस में प्रतिमाओं की संख्या साल दर साल घटती जा रही है। इस साल 21 दुर्गा प्रतिमाएं चल समारोह में शामिल हुई। गोविंदगंज रामलीला समिति की भव्य व आकर्षक 20 से अधिक झांकियों ने चल समारोह को भव्यता व आकर्षण प्रदान किया।

झांकियों में धर्म-राजनीति-समाज का चित्रण

इस बार चलित झांकी में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र स्वाभिमान, अंतराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध विभीषका, हामुर्ज की तहत विश्वव्यापी तेल संकट, जेनजी का जनआक्रोश, रावण जटायु युद्ध, त्रिशूल वाले शंकर जी, कटकासुर और भगवान विष्णु का युद्ध के अलावा राम रावण के पारंपरिक युद्ध की झांकी व मेघनाद कुंभकरण के पुतले जनाकषर्ण का केंन्द्र रही। वहीं राम रावण की चलित झांकी जमकर सराही गई। जुलूस में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, डॉ. अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी, नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, कमलेश रावत, पं.सतीश उपाध्याय, राकेश पाठक, रवि गुप्ता, आदि गणमान्य नागरिक चल रहे थे।

21 प्रतिमाएं शामिल

रामलीला जुलूस के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस प्रारंभ हुआ। परम्परानुसार नगर निगम चौक से प्रारंभ हुआ चल समारोह का समापन हनुमानताल में प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ। अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे विलंब से शाम 8.30 बजे से प्रारंभ हुए चल समारोह में शामिल अंतिम प्रतिमा का विसर्जन सुबह 10.30 बजे हुआ। इस वर्ष 21 प्रतिमाएं शामिल हुईं। मुख्य दशहरा चल समारोह के आकर्षण एवं भव्यता के साथ-साथ दर्शनार्थियों की संख्या में कमी नहीं आई, जुलूस मार्ग पर शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ बढने लगी थी। शाम ढलती रही और भीड़ बढ़ती गई। सडक के दोनों ओर छोर पर खड़े दर्शनार्थी बेसब्री से रामलीला के जुलूस की प्रतीक्षा करते रहे। शाम 7 बजे के निर्धारित समय पर रामलीला का जुलूस नगर निगम चौराहे पर पहुंच गया था। पूजन अर्चन के बाद जुलूस रात 8.30 बजे प्रारंभ हो सका। श्री गोविंदगंज रामलीला समिति का नगर निगम चौराहे पर भगवान श्री रामचन्द्र जी का पूजन अर्चना लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, सीए अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अभिलाष पांडे, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, निगम अध्यक्ष रिंकुज बिज व एमआईसी सदस्यों रजनी कैलाश साहू, सुभाष तिवारी, अंशुल राघवेंद्र यादव आदि ने कर प्रारंभ कराया।

नगर की सेठानी चांदी की रथ पर निकली

परंपरानुसार सर्वप्रथम सुनरहाई दुर्गोत्सव समिति की भव्य प्रतिमा, रंग-बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगाती हुई बीजाडांडी नृत्य के साथ भव्यता बिखेरते हुए विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुई। इसके बाद क्रमशः नगर की सेठानी दुर्गोत्सव समिति गुनहाई की दुर्गा प्रतिमा चांदी का रथ जनआकर्षण का केंद्र था, दुर्गोत्सव समिति कोष्ठी मंदिर, दुर्गोत्सव समिति राजा सागर मार्ग, दुर्गोत्सव समिति जमुनिया कुआं मिलौनीगंज, राष्ट्रीय दुर्गोत्सव समिति, तिलक भूमि तलैया इसके पीछे क्रमशः सर्वशक्ति दुर्गोत्सव समिति, गलगला, स्नेह युवा दुर्गोत्सव समिति बड़ी खेरमाई, नव जागृति दुर्गोत्सव समिति त्रिमूर्ति नगर, संजय गांधी मार्केट बल्देवबाग, मित्र मिलन दुर्गोत्सव समिति मुमताज बिल्डिंग, बड़ी खेरमाई, संत रविदास दुर्गोत्सव समिति चौधरी मोहल्ला समारोह में शामिल रहीं। इसके पीछे श्री धनुषधारी भव्यता के साथ दुर्गोत्सव समिति मिलौनीगंज की प्रतिमा विशाल साज सज्जा युक्त झांकी के साथ चल रही थी।

एक दशहरा गढ़ाफाटक में भी

एक तरफ नगर निगम चौक से हनुमानताल तक दशहरा था तो दूसरी तरफ गढ़ाफाटक में श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति कालीधाम का अपना एक अलग ही दशहरा था। रात 9 बजे मंदिर प्रांगण से शुरु हुआ जुलूस रात 3 बजे यातायात तिराहे के पास पहुंच सका। रास्ते भर दशहरे जैसी भीड़ प्रतिमा के साथ रही। इस साल भीड़ भाड़ और धक्का मुक्की से बचते हुए बड़ी तदाद में माता रानी के दर्शन करने लोग फ्लाईओवर के ऊपर भी मौजूद रहे। तड़के 4 बजे से जब जुलूस यातायात थाने के आगे निकला तब बड़ी माता महाकाली की प्रतिमा पीछे निकली उसके बाद भी भीड़ बनी रही। जुलूस पथ पर करीब 16 घंटे जुलूस बना रहा। सुबह 10.30 बजे बड़ी महाकाली का हनुमानताल में विर्सजन हो सका। पिछले 6 सालों से श्री वृहत महाकाली महोत्सव कालीधाम में अपने जुलूस में परिवर्तन किया है। यह प्रतिमा तीनपत्ती चौक में नंबर लगने के बजाय रात 9 बजे के लगभग अपने उद्गम स्थल गढ़ाफाटक से जुलूस के लिए रवाना हुई और रात 3.00 बजे करीब यातायात थाने के सामने पहुंची। दशहरा जुलूस में सबसे पीछे माता महाकाली की प्रतिमा शामिल हो गई थी, पूरे जुलूस में प्रतिमा का इंतजार किया जा रहा था भीड़ का आलम यह था कि भीड़ संभाले नहीं संभल रही थी हर कोई माता रानी के चरण छूने आतुर दिखा। माँ काली की प्रतिमा आते ही जयकारे के नारे लगने लगे। माँ का रथ खींचने श्रद्धालुओं की होड़ लगी हुई थी।

सदर में शानदार जुलूस निकला

उपनगरीय क्षेत्र सदर में विजयादशमी चल समारोह पूरी आन-बान-शान के साथ श्रद्धाभक्ति से निकाला गया। सदर क्षेत्र में विराजित 21 प्रतिमाएं इस जुलूस में शामिल हुईं। सदर रामलीला समिति ने जुलूस का नेतृत्व किया। सदर के मुख्य मार्ग व गलियों से होता हुआ यह जुलूस मोतीलाल नेहरू अस्पताल के पास स्थित सदर तालाब पहुंचा, जहां कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ और कुछ प्रतिमाएं वापस अपने पंडालों में पहुंची, जिनका विसर्जन आज नर्मदा में किया गया। आरसी ग्राउण्ड में शानदार आतिशबाजी की गई और रावण, कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। इस समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, कांग्रेसनेता आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे, प्रेम दुबे, जदयू प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल, आदि शामिल रहे।

भीड़ ने कीर्तिमान तोड़े

इस वर्ष दशहरा जुलूस में भारी भीड़ ने एक नया कीर्तिमान भी रचा। जुलूस के उद्गम स्थल नगर निगम चौक से समापन स्थल हनुमानताल तक खचाखच भीड़ नजर आ रही थी। उतने ही लोग मार्ग के दोनों तरफ बैठे थे और उससे चार गुनी भीड़ सडकों पर चहलकदमी करती हुई नजर आ रही थी।

स्वागत मंचों पर रुकी प्रतिमाएं

जुलूस में शामिल प्रतिमाओं को स्वागत मंचों पर पूजन अर्चन किया गया जिससे जुलूस रुकता रहा। यह बात अच्छी रही रामलीला जुलूस और प्रतिमाओं के बीच गेप नहीं रहा, फिर भी जुलूस धीरे-धीरे आगे बढ़ता रहा है, और 10 घंटे प्रतिमायें चलती रही। शिक्षक कांग्रेस समरसता सेवा संगठन, वैश्य महासम्मेलन, रानी दुर्गावती छात्र संघ, विश्वकर्मा समाज, बेन समाज और विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों ने स्वागत मंच लगाकर प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया और वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। इसी प्रकार मालवीय चौक पर पत्रकार पंडित अरुण शुक्ला, श्रीमति सुशीला शुक्ला की स्मृति में जुलूस में शामिल गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया और माता को चुनरी व श्रीफल अर्पित कर आर्शीवाद लिया गया। इस अवसर पर पत्रकार आशीष शुक्ला, मनोज नामदेव आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

योजनाओं के लक्ष्य पूरे करने के लिए डेढ़ गुना आवेदन भेजें : कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने स्वरोजगार एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्य पूरे करने के लिए निर्धारित लक्ष्य से डेढ़ गुना आवेदन भेजने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में उन्होंने बैंकों द्वारा निरस्त प्रकरणों की दोबारा समीक्षा और लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा। बैठक में पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण

कलेक्टर ने स्वास्थ्य, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और विद्युत विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से लंबित शिकायतों की जानकारी लेकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। एसडीएम और तहसीलदारों से भी तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक में फाइलों का व्यवस्थित संचालन, टिप्पणियों में स्पष्टता और भाषा संबंधी त्रुटियों से बचने के निर्देश दिए गए। न्यायालयीन प्रकरणों, शासन के पत्रों, सीएम मॉनिट एवं सीएस मॉनिट मामलों और मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर समयसीमा में कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही कार्यालयों में स्वच्छता और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बोले भारतीय संस्कृति में शास्त्र और शस्त्र दोनों का महत्व, कानून के दायरे में रहने वालों की सुरक्षा पुलिस का दायित्व

पुलिस लाइन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शस्त्र-वाहनों का पूजन

हरिभूमि, जबलपुर।

विजयादशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन जबलपुर में मंगलवार को पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-अनुष्ठान कर शस्त्र एवं वाहनों का पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता कर शस्त्र पूजन की परंपरा का निर्वहन किया। पूजन के माध्यम से शक्ति, सुरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और कानून-व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं नीरज सिंह ठाकुर, पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



शास्त्र मार्गदर्शन देते हैं, शस्त्र सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी प्राचीन परंपरा में शास्त्र और शस्त्र दोनों के पूजन का विधान है। शास्त्र समाज और शासन को उचित मार्गदर्शन देते हैं, जबकि कानून का उल्लंघन करने वालों पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा के लिए शस्त्र की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि शासन व्यवस्था के सुचारु संचालन और नागरिकों को संविधान एवं कानून के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए शास्त्रों का मार्गदर्शन आवश्यक है। वहीं, कानून के विरुद्ध आचरण करने वालों से निपटने के लिए शस्त्रों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। पुलिस को शास्त्र और शस्त्र दोनों की मर्यादा एवं जिम्मेदारी का निर्वहन करना होता है। पुलिस का प्रमुख दायित्व संविधान और शासन के दायरे में रहकर कार्य करने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पूजन के बाद हुआ हर्ष फायर

विधि-विधान से शस्त्र पूजन के बाद हर्ष फायर किया गया। इसके साथ ही पुलिस वाहनों का भी पूजन किया गया। डीआईजी अतुल सिंह और एसपी संपत उपाध्याय ने संस्कारधानी के नागरिकों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, अपर कलेक्टर रविशंकर राय एवं शैलेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुलिस विभाग की ओर से एएसपी सिटी डॉ. आयुष जाखड़, एएसपी जोन-3 मनीष भारद्वाज, एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह, जोन-4 एएसपी अंजना तिवारी, एएसपी ट्रैफिक अखिलेश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक और रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसंवाद एवं विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

जबलपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में पाटन में वृक्षारोपण, जनसंवाद एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छ ग्राम गुरु पिपरिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने का संदेश दिया गया। मंत्री श्री पटेल ने नाग तालाब पार्क परिसर में आयोजित जनसंवाद में आम नागरिकों से संवाद कर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बस स्टैंड के सामने सेल्फी पॉइंट, रेस्ट हाउस के सामने ओपन जिम सहित वार्ड क्रमांक 8 में शंकर जी का चबूतरा तथा कालीमाई मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक एवं टीन शेड कार्यों का लोकार्पण किया गया।

नशामुक्त भारत का संदेश लेकर निकले विभिन्न राज्यों के पुलिसकर्मी, भोपाल के लिए हुए रवाना

राष्ट्रीय एकता बाइक रैली का भव्य स्वागत, 150 पुलिस राइडर्स सम्मानित

हरिभूमि, जबलपुर।

राष्ट्रीय एकता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित नेशनल मोटर साइकिल रैली मंगलवार को जबलपुर पहुंची। झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों की पुलिस के करीब 150 बाइक राइडर्स का जबलपुर में भव्य स्वागत कर सम्मान किया गया। रैली के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने नशामुक्त भारत, राष्ट्रीय एकता और सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

रैली महात्मा गांधी संस्थान केंद्र से रवाना होकर आधारताल तिराहा, रद्दी चौकी और घमापुर चौक होते हुए सामुदायिक भवन पहुंची। यहां पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने एएसपी सिटी-2 डॉ. आयुष जाखड़, एएसपी जोन-3 मनीष भारद्वाज और रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य की उपस्थिति में रैली में शामिल पुलिसकर्मियों का सम्मान किया।



नशे से दूर रहने का दिया संदेश

रैली का प्रमुख उद्देश्य नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और स्वस्थ, सुरक्षित व नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया गया।

नारों के माध्यम से फैलाई जागरूकता

इस दौरान 'नशामुक्त भारत, स्वस्थ भारत', 'नशे को ना, जिंदगी को हां', 'नशा छोड़ो, परिवार जोड़ो' और 'सड़क सुरक्षा अपनाएं' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सामूहिक प्रयास करने और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का आह्वान किया गया।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर होगा समापन

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सुरक्षा एजेंसियों की सहभागिता से आयोजित यह रैली राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा का प्रतीक है। रैली में शामिल बाइक राइडर्स विभिन्न राज्यों से होते हुए 31 अक्टूबर को गुजरात के केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचेंगे, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर इसका समापन होगा।

भोपाल के लिए हुए रवाना

जबलपुर से 150 बाइक राइडर्स 21 बुधवार को महात्मा गांधी संस्थान केंद्र, आधारताल से भोपाल के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम के संयोजन में रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक अमित शिववंशी, रक्षित निरीक्षक राहुल बघेल और पुलिस लाइन के अन्य कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

लाइव वीडियो में रॉड टूटने का घटनाक्रम दिखने का दावा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

सेल्फी नहीं, झूले का दरवाजा खुलने से हुआ था हादसा!

अनुरोध पटेरिया

जबलपुर। गोलबाजार मैदान में आयोजित मेले में जीरो ग्रेविटी झूले से दो लोगों के गिरने की घटना में अब नया मोड़ सामने आया है। हादसे के बाद सेल्फी लेने के दौरान दुर्घटना होने की बात कही गई थी, लेकिन सामने आए लाइव वीडियो ने हादसे की वजह को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में झूले के दरवाजे के पास लगा लोहे का रॉड टूटने और दरवाजा खुलने जैसा घटनाक्रम दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद झूले पर सवार दो लोग बाहर गिरते नजर आते हैं। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह की पुष्टि तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी।

सुरक्षा इंतजामों की जांच जरूरी

घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल झूले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहा है। यदि दरवाजे के पास लगा रॉड टूटने से दरवाजा खुला, तो झूला शुरू करने से पहले उसकी तकनीकी जांच किसने की थी? क्या दरवाजे में पर्याप्त लॉकिंग व्यवस्था थी? क्या झूला संचालित करने वाले कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरणों की जांच की थी? इन बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच जरूरी है। जीरो ग्रेविटी जैसे झूलों में सवार लोगों की सुरक्षा के लिए दरवाजे और लॉकिंग सिस्टम की मजबूती महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में लाइव वीडियो में दिखाई देने वाले घटनाक्रम की पुष्टि के लिए झूले के टूटे हिस्सों, लॉकिंग सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों की तकनीकी जांच कराई जानी चाहिए। घटना के समय मौजूद कर्मचारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी हादसे की वजह स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण हो सकते हैं।



अनुमति और फिटनेस पर भी उठे सवाल

मेले में झूले के संचालन की अनुमति, तकनीकी फिटनेस और सुरक्षा मानकों के पालन की स्थिति भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि झूले की जांच कब हुई थी और संचालन से पहले सुरक्षा संबंधी किन मानकों का सत्यापन किया गया था। दुर्घटना बीमा से संबंधित दस्तावेजों की स्थिति की भी पड़ताल जरूरी है। यदि जांच में तकनीकी खामी या सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही मेले में संचालित अन्य झूलों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच भी जरूरी है।

सेल्फी को वजह मानने से पहले हो निष्पक्ष जांच

हादसे के बाद सेल्फी लेने की बात सामने आई थी, लेकिन अब वायरल हो रहे लाइव वीडियो के घटनाक्रम की जांच किए बिना दुर्घटना की वजह तय करना उचित नहीं होगा। पुलिस और प्रशासन को वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वास्तविक कारण स्पष्ट करना चाहिए। सवाल यह है कि यदि झूले का दरवाजा खुलने से दोनों लोग गिरे थे, तो सुरक्षा व्यवस्था में चूक के लिए जिम्मेदार कौन है? हादसे की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारी तय होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

हेडिंग को अधिक संतुलित बनाकर दीजिए।
वीडियो वाले दावे को सावधानी से लिखिए।
रिपोर्ट को संक्षिप्त और कसी हुई बनाइए।

सुबह तक घाट पर चलता रहा विसर्जन

चल समारोह में 11 दुर्गा प्रतिमायें शामिल







ये प्रतिमायें चल समारोह में हुईं शामिल

नगर के एतिहासिक दशहरा चल समारोह में जयमानस गढिया मोहल्ला,समर्पण दुर्गोत्सव जैन मंदिर के पीछे, स्टार युवा समिति,विजय ज्योति कटरा मोहल्ला,संगम युवा समिति,अखंड ज्योति गढिया मोहल्ला,युवा संगम समिति,जय मां समिति,जय ज्योति आजाद चौक सहित अन्य समितियों की प्रतिमाएं शामिल रही। प्रतिमाओं का जगह जगह भक्तों ने पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पार्षद बेबी विनय पाल,गीता पटेल,किशन जानवानी,ख्याल दास जानवानी, राजेश दाहिया,सारिका साहू,साधना साहू,प्रमोद चौधरी, वर्षा ठाकुर,सुप्पी बर्मन,सुग्रीव श्रीवास,सोनू मिश्रा आदि उपस्थित थे।

सिहोरा। नगर का मुख्य दशहरा चल समारोह मंगलवार को भक्तिमय महौल में सिहोरा नगर पालिका के संयोजन में निकला जिसमें आदिशक्ति को बिदाई देने हजारों भक्तों की भीड़ सड़कों पर देखने को मिली। चल समारोह में कुल 11 प्रतिमाएं ही इसमें शामिल हुई।

अपार जन सैलाव ने दी माता को बिदाई

नगर के मुख्य चल समारोह शुभारंभ स्थल कटरा मोहल्ला में कुछ को छोड़ दें तो बाकी पार्षदों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों का गायब रहना चर्चा विषय बना रहा। जबकि यह समारोह किसी पार्टी का न होकर शहर का दुर्गा उत्सव था जिसमें सभी को शामिल होना था पर ऐसा हो न सका।लगता है कुछ लोगों का उदेश्य केवल चुनाव जीतने तक ही सीमित रहता है। चल समारोह मार्ग के दोनो तरफ बैठे हजारों भक्तों में शामिल बच्चे युवक युवतियां बुर्जुग सहित अपार जन सैलाब मां भगवती को विदाई देने आतुर नजर आया।

विधायक ने किया प्रथम प्रतिमा का पूजन

इस बार रात्रि करीब 8.30 बजे कटरा मोहल्ला से प्रारम्भ हुए चल समारोह में शामिल गढिया मोहल्ला द्वारा स्थापित माता महाकाली की प्रथम प्रतिमा का विधायक संतोष बरकडे,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया आदि ने पूजन अर्चन किया चल समारोह झंडा बाजार,काल भैरव चौक सरावगी मोहल्ला,हरदौल मंदिर,बाबाताल से होकर निकला जो हिरन नदी मझंगवा घाट खितौला में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन का क्रम शाम 5 बजे से प्रारम्भ हो गया था जो सुबह तक चलता रहा। नगर पालिका के सुशील वर्मा ने बताया रात्रि में करीब चार दर्जन से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका था। दुसरे दिन भी सुबह से शाम तक प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम चलता रहा ।

चुस्त दुरुस्त दिखा पुलिस प्रशासन

एसडीएम ज्योति परस्ते,नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा,सीएओ प्रदीप झारिया के साथ एंव सिहोरा थाना प्रभारी प्रतिक्षा मार्को,खितौला थाना प्रभारी चन्द्रकांत झा दल बल के साथ चल समारोह के साथ सिहोरा खितौला एंव विसर्जन स्थल में व्यवस्था बनाने में सक्रिय दिखे जिससे चल समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसी तरह नौ दिनों तक फिर चल समारोह में डीजे की गति को नियंत्रित करने के लिए भी प्रशासन की नगरवासियों ने प्रसंशा की है।

भक्तों के लिये रात भर चले भंडारे

शिवमंदिर बाबाताल में झंकार समिति,बरा मोहल्ला खितौला में वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद अजय बेटू शर्मा द्वारा चल समारोह में शामिल हजारों भक्तों के लिए विशाल भंडारे रात भर चलते रहे। इसी तरह विसर्जन स्थल हिरन नदी घाट पर पर समाजसेवी विजय जानवानी द्वारा चाय बिस्किट की व्यवस्था सभी के लिए की गई थी।

नगर पालिका की व्यवस्था को सभी ने सराहा

विसर्जन स्थल नृसिंह मंदिर घाट हिरन नदी में प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर पालिका सिहोरा द्वारा की गई शानदार व्यवस्था को सभी ने सराहा चल समारोह एंव विसर्जन स्थल पर की गई व्यवस्था में नगर पालिका के देवेन्द्र व्यास,नमन श्रीवास्तव,संतोष सूर्यवंशी,राजेश ठाकुर,मयंक जैन,संतोष तिवारी,अमर चौहान,त्रिलोक नारायण पाठक,विजय बैगा,सुजीत पटेल,प्रदीप पांडे,संतोष बैगा,कल्पना दिक्षित,अनिकेत तिवारी,कृष्णा विल्हा,बब्लू महोबिया,रवि बर्मन आदि का सराहनीय योगदान रहा।



विजयादशमी पर राजपूत समाज ने किया अस्त्र-शस्त्र पूजन

सिहोरा। श्री महावीर स्वामी समाज कल्याण एवं विकास समिति के तत्वावधान में गढ़िया मोहल्ला स्थित राजपूत समाज द्वारा विजयादशमी पर अस्त्र-शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी रामप्रसाद ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि रूपसिंह ठाकुर एवं महेंद्र सिंह रहे। समाजबंधुओं ने विधि-विधान से पूजन किया। प्रमोद सिंह, आलोक सिंह एवं आदर्श ने राजपूत समाज के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान में उसकी भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक गोपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि विजयादशमी आत्मशुद्धि, साधना और राष्ट्र की सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करने का संदेश देती है। इस दौरान समाजबंधुओं ने शारीरिक कौशल का प्रदर्शन भी किया। अंत में मां भवानी की आरती की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रामजी ठाकुर, महनसिंह, धर्मेंद्र सिंह, वसंत सिंह, किरण सिंह, संतोष सिंह, मनोज सिंह, नारायण सिंह, विजय सिंह, कुबेर सिंह, प्रकाश सिंह, माधव सिंह, नन्हे सिंह एवं त्रिलोक सिंह सहित विवेक, आनंद, अतुल, रोनित, वीरेंद्र, ऋषि, विकास, विशाल, सौरम, अर्पित, निशांत, निहाल, नैतिक, पियुष, विनायक, अनुज, राजवीर, रोहित एवं अजय का योगदान रहा।

बरेला में धूमधाम से निकला दशहरा चल समारोह



बरेला। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी नगर में धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक माता रानी की आराधना के बाद दसवें दिन भव्य चल समारोह निकाला गया, जो देर रात तक चला। एक दर्जन से अधिक झांकियों और प्रतिमाओं ने समारोह को आकर्षक बनाया। रामलीला समिति द्वारा राम-रावण युद्ध का मंचन कर रावण दहन किया गया।

नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड पर दुर्गा उत्सव एवं महाकाली उत्सव समितियों सहित नगर के पत्रकारों का सम्मान किया गया। साथ ही माता रानी की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन कर नगर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। चल समारोह को भव्य बनाने में राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों का सहयोग रहा। नगर परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों ने क्रेन की सहायता से प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में विसर्जन कराया। आयोजन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में नगर परिषद, विद्युत विभाग एवं पुलिस प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही।



बम्हनी में विराजीं 51 फीट ऊंची मां महाकाली, दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

बरेला। ग्राम पंचायत बम्हनी में इस वर्ष भी मन्नत वाली मां महाकाली की 51 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। नवरात्रि के प्रथम दिन घट स्थापना के साथ धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। विशाल प्रतिमा के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू ने बताया कि यह आयोजन का तीसरा वर्ष है, जिसमें मां महाकाली की 51 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। समिति के अनुसार, 23 अक्टूबर को शाम 5 बजे मां महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, लखन साहू, सोनू साहू एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर मां महाकाली के दर्शन करने की अपील की है।

बरेला में रावण दहन, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

बरेला। विजयादशमी पर 21 अक्टूबर को रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध और रावण दहन के साथ धर्म की अधर्म पर विजय का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन देखने स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।रामलीला में लक्ष्मण द्वारा मेघनाद वध, सती सुलोचना संवाद और पाताल लोक में हनुमानजी द्वारा अहिरावण वध के प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। सती सुलोचना के भावुक प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।इसके बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध का मंचन हुआ। श्रीराम के अग्निबाण से रावण वध होते ही उसके विशाल पुतले का दहन किया गया। आकर्षक आतिशबाजी के बीच पूरा रामलीला मैदान 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।

फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय संबद्धता

जबलपुर। मध्यप्रदेश में फ्लाइंग किक खेल के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया ने फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश को आधिकारिक संबद्धता प्रदान की है।एसोसिएशन मध्यप्रदेश के महासचिव राजकुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष एडवोकेट जयराज चौधरी की भेंट के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. के.एस. काजल और राष्ट्रीय महासचिव विकास कुमार पासवान ने संबद्धता पत्र प्रदान किया। प्रदेश में पिछले 10 वर्षों से फ्लाइंग किक खेल के प्रचार-प्रसार एवं विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय संबद्धता मिलने से प्रदेश में इस खेल के विस्तार और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

संबलपुर–प्रयागराज एकतरफा स्पेशल ट्रेन 23 अक्टूबर को चलेगी

जबलपुर। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने संबलपुर जंक्शन से प्रयागराज जंक्शन के बीच एकतरफा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 08305, 23 अक्टूबर 2026 को संबलपुर से शाम 4:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 9:30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेल के कटनी मुड़वारा स्टेशन पर सुबह 4:10 बजे और सतना स्टेशन पर सुबह 5:40 बजे ठहराव रहेगा। ट्रेन झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, बिलासपुर, अनूपपुर, शहडोल, कटनी मुड़वारा, सतना और मानिकपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें 4 स्लीपर, 12 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 द्वितीय चेयरकार तथा 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड ब्रेकवैन कोच होंगे।

महापौर कप सीनियर पुरुष स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप 23 से

जबलपुर। मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के संचालन तथा जबलपुर कॉरपोरेशन कबड्डी संघ के आयोजन में महापौर कप सीनियर पुरुष स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का उद्घाटन 23 अक्टूबर को शाम 4 बजे एमएलबी खेल परिसर में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू करेंगे। संघ के अध्यक्ष एवं आयोजन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पप्पू तथा सचिव शानू यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 जोनों से 320 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं निर्णायक भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष डॉ. अमित साहू, संयोजक प्रदीप जटिया, जेएएफ कबड्डी संघ के सचिव मनीष रजक, पुष्पेंद्र पांडे, परमू लाल, प्रवीण अग्रहरि, अनिकेत परीदा और संजय पांडे सहित खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता से प्रदेश में कबड्डी प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी सम्मानित

जबलपुर। शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्यों एवं विभागीय दायित्वों के प्रभावी निर्वहन के लिए जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक लोक शिक्षण घनश्याम सोनी को सम्मानित किया गया। भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, विभाग के प्रमुख सचिव संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री सोनी को मिला सम्मान उनके विभागीय कार्यों के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

श्रीमती मोहनी देवी सक्सेना- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सुशीष कुमार सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती मोहनी देवी सक्सेना (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष अरोरा- पत्रकार कॉलोनी रानीताल निवासी श्री संतोष अरोरा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री रामचरण तिवारी- कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री रामचरण तिवारी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा- रामनगर रामपुर निवासी श्री हरीलाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री रंजीत कुमार वाल्मीक- रांझी स्थित गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री रंजीत कुमार वाल्मीक (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सोना बाई- प्रेमसागर निवासी श्री घासीराम डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

सुश्री सोनिया बहल- आईडियल हिल्स नर्मदा रोड निवासी श्री गुलशन कुमार बहल की पुत्री सुश्री सोनिया बहल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शैलेंद्र झारिया- ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री शेलेंद्र झारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री बद्री प्रसाद- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री बद्री प्रसाद (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पार्वती- बेलबाग टोरिया निवासी श्री ठाकुरदीन डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री फूलचंद रैकवार- कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री फूलचंद रैकवार (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री निष्कर्ष चौधरी- झामनदास चौक के पास सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नितिन चौधरी के पुत्र श्री निष्कर्ष चौधरी (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रजनी गजवे- पावन भूमि शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री देवराज गजवे की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी गजवे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रामेश्वर प्रसाद कोरी- तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद कोरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती निशा रैकवार- प्रेमनगर मदनमहल एलआईसी के पास निवासी श्री अशोक रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती निशा रैकवार (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।



श्रीमती पार्वती ठाकुर- बेलबाग टोरिया निवासी श्री गया प्रसाद ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुनीता ठाकुर- भोले कुटि के पीछे शक्तिनगर निवासी श्री सतीश चंद्र ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मधु सैनी- दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री विजय कुमार सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती मधु सैनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री मोती लाल पासी- नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री मोती लाल पासी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दस्सो चौधरी- कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री अनिल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती दस्सो चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कविता श्रीवास्तव- मांडवा टेंडर 2 रामपुर निवासी श्री विश्वनाथ श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती कविता श्रीवास्तव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती तस्वीरिया बाई- कृष्णा सिटी करमेता निवासी श्री जगदीश प्रसाद जोगीनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती तस्वीरिया बाई (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती तुलसी बाई- गुप्तेश्वर एमजीएम के पास निवासी श्री चंद्रभान की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी बाई (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कुसुम रानी रैकवार- जबेरा दमोह निवासी श्री रमेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम रानी रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सरला दुबे- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रदीप कुमार दुबे की धर्म्मपत्नी श्रीमती सरला दुबे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री अधीनेराम पटेल- पटेल मोहल्ला महाराजपुर निवासी श्री अधीनेराम पटेल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सरला देवी ठाकुर- दीक्षितपुरा निवासी श्री चंद्रभान सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सरला देवी ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री बिन्देश्वर ठाकुर- न्यू शोभापुर निवासी श्री बिन्देश्वर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री श्याम सुंदर वर्मा- नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री श्याम सुंदर वर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री नंद किशोर अग्रवाल- मदनमहल सिम्पलेक्स के पास निवासी श्री नंद किशोर अग्रवाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उमा सोंधिया- रामनगर रामपुर निवासी श्री शंकर लाल सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती उमा सोंधिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री बिशनदास कलवानी- नर्मदा रोड स्थित मॉल के सामने निवासी श्री बिशनदास कलवानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती बेला चौधरी- शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री एके चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती बेला चौधरी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



विजयादशमी पर स्वयंसेवकों ने निकाले पथ संचलन, पूर्ण गणवेश में किया कदमताल

भोपाल की विभिन्न बस्तियों में निकले संघ के 50 से अधिक पथ संचलन, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

अनुशासन-राष्ट्रभक्ति का दिखा संगम शस्त्र पूजन के कार्यक्रम भी किए गए आयोजित



विजयादशमी पर आरएसएस के पथ संचलन में पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवक। शहर में 50 से अधिक स्थानों पर संचलन और शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सोमवार को भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न बस्तियों में निकले पथ संचलनों में हजारों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवकों के अनुशासित संचलन ने नगर में राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर आम नागरिकों ने भी उत्साह के साथ सहभागिता की। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

उल्लेखनीय है कि अभी तक 68 संचलन निकल चुके हैं 150 से अधिक निकालने की योजना है। आगामी 25 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती के दिन बड़ी संख्या में पथ संचलन संपन्न होंगे।

संघ चालक अशोक पांडे बोले-

समाज में संगठन और सेवा भाव को मजबूत करने की आवश्यकता

आंबेडकर नगर की कोटरा बस्ती में सरस्वती स्कूल परिसर से पथ संचलन में प्रांत संघ चालक अशोक पांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ की स्थापना, उसकी सौ वर्ष की यात्रा और वर्तमान परिदृश्य में संघ कार्य की भूमिका पर विचार रखे। पंच परिवर्तन के विषय को विस्तार से समझाते हुए समाज में जागरुकता, संगठन और सेवा भाव को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। विभिन्न बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज के बीच सक्रिय रहकर सेवा कार्यों में योगदान देने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और राष्ट्रहित के कार्यों में सहभागी बनने की प्रेरणा दी गई।







विजयादशमी पर आंबेडकर नगर बस्ती में निकले पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। अन्य तस्वीर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते अतिथि।

सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका आवश्यक: कैलाश लोवंशी

आंबेडकर नगर के नेहरू नगर बस्ती में डी सेक्टर स्थित पानी की टंकी के पास शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल विभाग के प्रचारक कैलाश लोवंशी मुख्य वक्ता रहे। अंबेडकर नगर के नगर संघ चालक गोपालदास मेहता उपस्थित रहे, जबकि सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी एवं शास्त्रीय गायक उल्लास तैलंग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक बिस्पुते की उपस्थिति भी रही। मुख्य वक्ता कैलाश लोवंशी ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

परिवार को संस्कारों की पहली पाठशाला, सभी वर्गों के सहयोग पर जोर

आंबेडकर बस्ती स्थित आराधना उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में तात्या टोपे भाग के भाग संघचालक ज्ञान प्रकाश तिवारी मुख्य वक्ता रहे। सह संघचालक रामस्वरूप राय और स्थानीय समाजसेवी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष विकास शर्मा उपस्थित रहे। यहां संघ की सौ वर्ष की यात्रा, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने परिवार को संस्कारों की पहली पाठशाला बताते हुए परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर आत्मीयता का भाव विकसित करने और समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जनसहभागिता ने बढ़ाया उत्साह

पथ संचलन के दौरान अनेक स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। लोगों ने अनुशासित कदमताल का स्वागत करते हुए उत्साहवर्धन किया। नागरिकों की यह सहभागिता कार्यक्रमों का विशेष आकर्षण रही। संघ के स्वयंसेवकों ने भी अनुशासन और एकजुटता के साथ संचलन में भाग लेकर सामाजिक जीवन में संगठन की महत्ता का संदेश दिया।

सीएम ने दी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्र के नव निर्माण व गौरवशाली इतिहास की पुनर्स्थापना के संकल्प के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि संघ ने अपनी दीर्घ यात्रा में मां भारती की सेवा के लिए असंख्य स्वयंसेवक दिए। अनुशासन, समर्पण और श्रम के प्रतीक, सभी स्वयंसेवक मातृभूमि के लिए अपने संकल्पों को साकार करें, यही मंगलकामना है।

मां काली की पूजा और शस्त्र-पूजन कर सीएम बोले- राम राज्य की स्थापना ही हमारा ध्येय

सीएम डॉ. यादव ने विजयादशमी पर्व पर मुख्यमंत्री निवास में किया शस्त्र-पूजन

शस्त्र-पूजन शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री निवास पर शस्त्र पूजन करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में शस्त्र-पूजन किया। उन्होंने शक्ति स्वरूपा मां काली की पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुति दी और पुलिस के अत्याधुनिक शस्त्रों, वाहनों का पूजन किया। इस दौरान सुरक्षा अधिकारी समीर यादव का तिलक भी किया।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शस्त्र पूजन शक्ति, सुरक्षा और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर लोक कल्याण और राम राज्य की स्थापना हमारा ध्येय है। गरीब कल्याण और हर नागरिक के कष्ट दूर करना प्राथमिकता है। उन्होंने आरएसएस स्थापना दिवस की भी बधाई दी।

सांकेतिक रूप से किया हर्ष फायर

मंत्रोच्चार व विधि-विधान से पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन संपन्न, मंत्री सारंग व सांसद शर्मा ने की पूजा



शस्त्र पूजन करते मंत्री विश्वास, सांसद आलोक, पुलिस कमिश्नर संजय।

भोपाल। विजयादशमी पर नेहरू नगर पुलिस लाइन में परम्परागत शस्त्र पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंत्रोच्चार के साथ शस्त्रों, वाहनों और मशीनरी का पूजन कर हवन किया गया, बाद में सांकेतिक हर्ष फायर हुआ। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कमिश्नर संजय कुमार ने पुलिस परिवार और शहरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।



शस्त्र पूजन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया शस्त्र पूजन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने विजयादशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को रक्षित केंद्र, बैतूल में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि सनातन परंपरा में शस्त्र पूजन धर्म की रक्षा, न्याय की स्थापना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक है। यह परंपरा शक्ति के साथ दायित्व, साहस के साथ मर्यादा और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के शाश्वत मूल्यों को अभिव्यक्त करती है।

विजयादशमी पर्व पर प्रदेश के जिलों में शस्त्र-पूजन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

विजयादशमी पर प्रदेश के सभी जिलों में परम्परागत शस्त्र-पूजन कार्यक्रम आयोजित हुए। सनातन संस्कृति में यह परम्परा शक्ति के विवेकपूर्ण उपयोग और राष्ट्र सुरक्षा के कर्तव्यबोध का प्रतीक है। इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मंदसौर में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और रीवा में राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए। धार में कैलाश विजयवर्गीय, जबलपुर में राकेश सिंह समेत सभी मंत्रियों ने प्रभार जिलों में पूजन किया। नव नियुक्त कलेक्टरों ने भी धूमधाम से शस्त्र पूजन कर शुभकामनाएं दीं।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, ठेले की आड़ में गोरखधंधा

जाली नोट खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने जाली नोट खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दशहरा मेले में भीड़ का फायदा उठाकर 200 रुपये के जाली नोट चला रहे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने मामले का खुलासा किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आरपी नगर फेज-1 इलाके में कार्रवाई की। आरोपी खिलौने बेचने और ठेला लगाने की आड़ में जाली नोटों का धंधा कर रहे थे। वे दशहरा मेले में लगी दुकानों और ठेलों पर सामान खरीदने के बहाने 200 रुपये के जाली नोट चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी जाली नोटों को बाजार में आसानी से खपाने के लिए लोगों की भीड़ का फायदा उठा रहे थे।

साधारण कागज पर करते थे छपाई

पूछताछ में पता चला कि आरोपी साधारण कागज पर 200 रुपये के नोट की छपाई कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से 200 रुपये के 15 जाली नोट जब्त किए हैं। इनकी कुल कीमत 3,000 रुपये है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि शंभू नाम का एक युवक जाली नोट छापने का काम करता था, जबकि दूसरा आरोपी उन्हें बाजार और मेले में खपाता था। दोनों ने हाल ही में जाली नोट चलाने का काम शुरू किया था, लेकिन इससे पहले कि वे ज्यादा नोट बाजार में खपा पाते, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस कर रही बारीकी से जांच

पुलिस आरोपियों की पहचान, उनके निवास स्थान और अब तक बाजार में खपाए गए नकली नोटों की संख्या का पता लगा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के साथ ही जाली नोटों की छपाई के ठिकाने का भी पता लगाया जा रहा है।

आरोपियों के कब्जे से 566 ग्राम गांजा और 1500 नकद बरामद

मादक पदार्थ बेचने के आरोप में महिला सहयोगी सहित पुरुष आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुण्डरदेही पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में एक युवक और उसकी महिला सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 566 ग्राम गांजा और बिक्री के 1,500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार पर नजर रखी जा रही है। 20 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गुण्डरदेही बस स्टैंड स्थित शौचालय के पास अनिकेत बघेल अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। तलाशी के दौरान अनिकेत के कब्जे से 566 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। विवेचना के दौरान इस अवैध कारोबार में अरुणा बघेल की संलिप्तता भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया और गांजा बिक्री से प्राप्त 1,500 रुपये नकद जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिकेत बघेल (28), पिता संतोष बघेल और अरुणा बघेल (42), पति सुदामा गाड़ा, दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 11, गुण्डरदेही के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना गुण्डरदेही में अपराध क्रमांक 354/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) में मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। बालोद पुलिस ने आम जनता से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

टोरंटो से बैंकॉक होते हुए आया विमान, नियमित उड़ान शुरू होने में लगेंगे डेढ़ से दो महीने

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वीवीआईपी यात्राओं में होगा इस्तेमाल

मप्र सरकार का नया जेट विमान भोपाल पहुंचा, 234 करोड़ रुपए में खरीदा बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500, सफर सुरक्षित, सरल होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार का नया आधुनिक जेट विमान बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500 भोपाल पहुंच गया है। करीब 234 करोड़ रुपए की लागत से खरीदे गए इस विमान का इस्तेमाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं के लिए किया जाएगा।

विमान कनाडा के टोरंटो से बैंकॉक होते हुए भोपाल पहुंचा। हालांकि, इसे नियमित उड़ान सेवा में शामिल करने से पहले जरूरी कानूनी और तकनीकी औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं। अनुमान है कि विमान के नियमित संचालन में डेढ़ से दो महीने का समय लग सकता है। बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500 आधुनिक सुविधाओं से लैस व्यावसायिक जेट विमान है। इसकी उड़ान क्षमता लगभग 6,297 से 6,300 किलोमीटर बताई गई है। विमान करीब 45 हजार फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है, जबकि इसकी अधिकतम गति लगभग 882 किलोमीटर प्रति घंटा है। लंबी दूरी की यात्राओं के लिए तैयार इस विमान से मुख्यमंत्री और अन्य वीवीआईपी यात्राओं को सुविधाजनक बनाने की योजना है। नए जेट के संचालन की तैयारी के तहत मध्यप्रदेश के कैप्टन विश्वास राय और कैप्टन अरविंद सिंह कनाडा में प्रशिक्षण लेकर लौटे हैं।



डीजीसीए की मंजूरी के बाद शुरू होगा नियमित संचालन

विमान के भोपाल पहुंचने के बाद अब इसके नियमित संचालन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जरूरी कानूनी और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी होना बाकी हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की टीम भोपाल पहुंचकर आवश्यक जांच और औपचारिकताएं पूरी करेगी। नियामकीय मंजूरी मिलने और शेष प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही विमान नियमित उड़ान सेवा में शामिल हो सकेगा।

270 करोड़ रुपए निजी कंपनी को विमान सेवा के लिए दे चुकी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की हवाई यात्राओं के लिए विमान का कॉल साइन सी-फ्लर्म बताया गया है। हालांकि मप्र एवियशन डिपार्मेंट एटीसी के कॉल साइन इंतजार जल्द ही खत्म होगा। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हाईटेक और आधुनिक विमान में सफर करते हुए नजर आएंगे।

268 करोड़ रुपए का होगा बीमा

विमान की सुरक्षा और जोखिम को देखते हुए सरकार करीब 268 करोड़ रुपए का ऑल-रिस्क बीमा कराने की तैयारी में है। इसके लिए सालाना लगभग दो करोड़ रुपए का प्रीमियम आने का अनुमान है। विमान के संचालन से संबंधित बीमा और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करना भी प्रक्रिया का हिस्सा है।

डॉ. पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

इंदौर। अपना दल के संस्थापक एवं गरीब, शोषित, वंचित तथा पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले जननायक डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अतुल ने कहा, डॉ. पटेल के विचार और संघर्ष हमें प्रेरणा देते हैं कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और अधिकार मिलें। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता तथा समानता के मूल्यों को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उपनगरीय क्षेत्रों में भी विजयादशमी की धूम

अधारताल, कांचघर में भी धूमधाम से निकला दशहरा जुलूस

जबलपुर। उपनगरीय क्षेत्र अधारताल और कांचघर में दशहरा के दूसरे दिन विसर्जन जुलूस बुधवार को धूमधाम से निकाले गये। अधारताल में भी निकला शानदार जुलूसउपनरीय क्षेत्र अधारताल में भी बुधवार को दशहरा जुलूस धूमधाम से निकाला गया। रद्दी चौकी से प्रारंभ हुए इस जुलूस में 11 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। जुलूस का नेतृत्व अधारताल रामलीला समिति ने किया। जुलूस अपने परंपरागत मार्गो से होते हुए अधारताल पहुंचा, जहां जलाशय में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रामलीला मैदान के पास रामचंद्रजी ने रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। चल समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक इंदू तिवारी, पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोटिया, श्रीराम शुक्ला, महेश राजपूत, मनीष अग्रहरि आदि गणमान्य लोग शामिल थे।



कांचघर में निकला भव्य दशहरा जुलूस

कांचघर में भी दशहरा चल समारोह 21 अक्टूबर बुधवार को राम मंदिर जीसीएफ स्टेट प्रांगण से प्रारंभ हुआ, जो चुंगी चौकी, कांचघर, शीतलामाई, बाई का बगीचा होते हुए घमापुर चौक पहुंचा। जहां से प्रतिमाएं विसर्जन स्थल के लिए रवाना हुई। जुलूस में 10 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। चल समारोह में श्री गिरिजा शंकर रामलीला समिति द्वारा प्रस्तुत की गई। राम रावण युद्ध का चलित झांकी, रावण मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले, हाथी के ऊपर सवार शंकर पार्वती एवं गणेश की सवारी, ऊंट, घोड़े आतिशबाजी दशहरा चल समारोह में आकर्षण का केन्द्र रही। जूलूस में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, रमाकांत रावत, कल्लन गुप्ता, डॉ घनश्याम यादव, संजय साहू, जीएस ठाकुर, अशोक रोहतास, मुरलीधर राव, एड. तरुण रोहितास, सरमन रजक, आदि मौजूद थे।

गढ़ा में 25 प्रतिमाओं के साथ निकला चल समारोह

जबलपुर। गढ़ा गोंडवाना का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह गुरुवार को अपनी परंपरा, भव्यता और धार्मिक वैभव के साथ निकाला गया। श्री रामलीला समिति गढ़ा के नेतृत्व में संकट मोचन मंदिर, गौतम गंज से रात्रि 7 बजे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी के पूजन-अर्चन के साथ चल समारोह का शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड की धुन, दुलदुल घोड़ी का नृत्य, आकर्षक झांकियों और आतिशबाजी के बीच निकले इस भव्य समारोह में 25 प्रतिमाएं शामिल हुईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित रामलीला समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, दशहरा चल समारोह अध्यक्ष अजय तिवारी धतुरहा, समिति अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित, राकेश पाठक, लोकराम कोरी, मनोज पाटकर एवं संकट मोचन मंदिर समिति के सदस्यों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी का पूजन-अर्चन किया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शोभायात्रा आगे बढ़ी।



झांकियों ने मोहा मन

श्री रामलीला समिति की ओर से निकाली गई झांकियों में रथ पर विराजमान भगवान शिव, श्रीराम-रावण युद्ध का जीवंत दृश्य, नौ देवियों की झांकी तथा रावण, मेघनाद एवं कुंभकरण के विशाल पुतले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। आधुनिक विद्युत सज्जा से सुसज्जित झांकियों और आतिशबाजी ने समारोह की भव्यता में चार चांद लगा दिए। मेजर बीटी तिराहे पर विभिन्न झांकियों एवं देवी प्रतिमाओं के एक साथ सम्मिलित होने से चल समारोह ने विराट स्वरूप धारण कर लिया। ऐतिहासिक शोभायात्रा शुक्ला नगर से प्रारंभ होकर एकता चौक, मेजर बीटी तिराहा, आनंदकुंज, पंडा की मढ़िया, त्रिपुरी तिराहा एवं देवताल होते हुए गढ़ा रामलीला मैदान पहुंची। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रामलीला मैदान में परंपरानुसार भगवान श्रीराम द्वारा रावण, कुंभकरण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। चल समारोह में मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, पार्षद प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, मनीष महेश पटेल, सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, कोषाध्यक्ष गुलशन माखिजा, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, हरीश मनोध्याय, नीलेश चौबे, पंकज अवस्थी, देवेंद्र मनोध्याय, आदि उपस्थित रहे।

औद्योगिक कॉरिडोर पर कैट ने जताया आभार

जबलपुर। जबलपुर-भोपाल-इंदौर 550 किलोमीटर लंबे औद्योगिक कॉरिडोर की स्वीकृति पर कैट टीम जबलपुर ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के सिविल लाइंस स्थित निवास पर पहुंचकर आभार व्यक्त किया। टीम ने मुख्यमंत्री एवं राकेश सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह कॉरिडोर प्रदेश में औद्योगिक विकास, व्यापार, निवेश, रोजगार सृजन और कनेक्टिविटी को नई दिशा देगा। इस अवसर पर कैट जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, महामंत्री जितेंद्र पचौरी, संभाग अध्यक्ष दीपक सेठी, संदेश जैन, राजा सराफ, रोहित खटवानी, महिला विंग प्रभारी सीमा सिंह चौहान, संजय चड्ढा, राजा नागदेव, पिंकी जैन, प्रवीण गुलाटी, निखिल पहवा, मनोज जसाठी, तरुण अग्रवाल, आशीष इंदुराख्या, अरुण निखरा, कल्लू चिरोलिया, विवेक गोस्वामी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप भूरा, राजपाल बजाज, मेवा लाल चिरोलिया, ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय जैन एवं नम्रता भाटिया उपस्थित रहे।



सिंदूर खेला के बाद मां दुर्गा को भावभीनी विदाई

जबलपुर। सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब की 101वीं दुर्गा पूजा का समापन बुधवार को पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। सुबह सिंदूर खेला के बाद शाम 4 बजे मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। सफेद-लाल पारंपरिक बंगाली वेशभूषा में महिलाओं ने ढाक की थाप पर नृत्य किया। शोभायात्रा करमचंद चौक, नौदरा ब्रिज, नगर निगम कार्यालय और तीन पत्ती होते हुए ग्वारीघाट स्थित विसर्जन कुंड पहुंची, जहां विधि-विधान से प्रतिमा विसर्जन किया गया। मां की विदाई पर श्रद्धालुओं ने भावुक होकर कहा, "आश्चे बोछोर आबार होबे" (अगले वर्ष फिर मां आएंगी)।इस अवसर पर सुब्रत पाल, तृष्णा चटर्जी, प्रकाश साहा, दीपांकर बनर्जी, श्यामल मुखर्जी, आशीष घोष, सुरजीत गुहा, तापस चक्रवर्ती, चंदन कारफोर्मा, सौरभ चटर्जी, मुकुल घोष, आई.बी. रुद्रा, संगीता भद्रा, अनुराग पाल, शेखर डे, आशीष सेन, आर.एन. दत्ता, विश्वजीत घोष, अभिजीत घोष, सौरव सोम और सुब्रत रॉय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और शांति की कामना करते हुए अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना की।

कृषि शिक्षाविद् अतुल श्रीवास्तव का यूको बैंक ने किया सम्मान

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व डीन (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव को आईएसएई लाइफटाइम अचीवमेंट गोल्ड मेडल-2026 मिलने पर यूको बैंक, आधारताल शाखा ने अभिनंदन समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। डॉ. श्रीवास्तव को उनके 41 वर्षों के शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक योगदान के लिए यह सम्मान मिला है। शाखा प्रबंधक प्रज्ञा अग्रवाल सहित बैंक अधिकारी मोहित लेखवानी, रोशनी नागवंशी, धीरज पाटिल, घनश्याम, रणजीत एवं दीपक ने डॉ. श्रीवास्तव और उनकी पत्नी सुनीता श्रीवास्तव का शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर स्वागत किया। प्रज्ञा अग्रवाल ने कहा कि डॉ. श्रीवास्तव की उपलब्धि सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने उनके योगदान की सराहना करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। डॉ. श्रीवास्तव ने बैंक परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।





सम्राट अशोक धम्मविजय दशमी पर निकली विशाल धम्म संदेश यात्रा

जबलपुर। सम्राट अशोक धम्मविजय दशमी महापर्व पर मंगलवार को जबलपुर में विशाल धम्म संदेश यात्रा निकाली गई। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू हुई यात्रा घंटाघर, मालवीय चौक, तीन पट्टी चौक, शास्त्री ब्रिज, दशमेश द्वार, मेडिकल कॉलेज, अंधमूक बाईपास और लम्हेटा होते हुए गोपालपुर, भेड़ाघाट मार्ग स्थित प्राचीन बौद्ध मठ सम्राट अशोक बौद्ध घाट पहुंची, जहां सभा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। यात्रा में भगवान बुद्ध एवं सम्राट अशोक की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। करुणा बौद्ध विहार, शांति नगर और पंचशील बुद्ध विहार, जय भीम नगर ने स्वागत किया। यात्रा में बुद्ध के शांति, करुणा, मैत्री और सद्भाव के संदेश गूंजते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंते धम्मसरण ने की। मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी जगदीश जटिया तथा विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता देवेश चौधरी रहे। मुख्य संयोजक राम रतन यादव सहित बैजनाथ पटेल, वृंदावन वर्मा, मनोज बाघमरे, उदयभद्र बौद्ध, अनंत कुमार कुशवाहा, संतोष मराठा, भीमराव साखरे, वैद्य जी, ईश्वरी बौद्ध, एनके टिंभुरने, वंदना गायकवाड़, ममता टिंभुरने, संघमित्रा बौद्ध, सुजाता बौद्ध और डॉ. साहू मैडम सहित हजारों लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने बुद्ध, सम्राट अशोक और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संविधान के मूल्यों पर चलने का आह्वान किया।

जबलपुर में 67वां पुलिस शहीद स्मृति दिवसः एडीजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि, जबलपुर। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में बुधवार को छठवीं प्रशिक्षण वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल (विसबल), जबलपुर में 67वां पुलिस शहीद स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर देशभर में कर्तव्यपालन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मध्यप्रदेश पुलिस के वर्ष 2025-26 में शहीद हुए नौ जवानों का भी स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा के वाहिनी परिसर पहुंचने पर जिला पुलिस बल और विशेष सशस्त्र बल की प्लाटूनों ने सलामी दी। इसके बाद एडीजी प्रमोद वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह, पुलिस कप्तान जबलपुर संपत उपाध्याय और सेनानी छठवीं वाहिनी सिद्धार्थ चौधरी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया।



शहादत की गाथा का किया स्मरण- पुलिस शहीद स्मृति दिवस का इतिहास 21 अक्टूबर 1959 से जुड़ा है। पूर्वी लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में गश्त कर रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के 10 वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्हीं के बलिदान की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया जाता है।

जनवरी 1960 से लगातार हो रहा आयोजन- जनवरी 1960 में दिल्ली में आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में बुधवार को शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। तब से यह दिन देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर बन गया है।

शहीदों के परिजनों का किया सम्मान- समारोह में एडीजी प्रमोद वर्मा ने शहीद पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस शहीद स्मृति दिवस उन वीर जवानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कर्तव्यपथ पर अपने प्राण न्योछावर कर पुलिस बल का गौरव बढ़ाया। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देती रहेगी।

विंध्य क्षेत्र को मिलेगी नई मेमू ट्रेन की सौगात

जबलपुर। रेल मंत्रालय ने देवेंद्र नगर–चुरहट के बीच नई मेमू ट्रेन के संचालन को मंजूरी दी है। गाड़ी संख्या 61629/61630 की यह सेवा 24 अक्टूबर 2026 से रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। ट्रेन में आठ कोच होंगे।देवेंद्र नगर से ट्रेन सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 1:15 बजे चुरहट पहुंचेगी। वापसी में चुरहट से दोपहर 3 बजे चलकर रात 9:45 बजे देवेंद्र नगर पहुंचेगी। मार्ग में फुलवारी, नागोद, बरेठिया, करही, सतना, कैमा, सकरिया, हिनौतारामबन, बघाई रोड, तुरकी रोड, रीवा, सिलपरा, गोविंदगढ़, बघवार और रामपुर नैकिन सहित 15 स्टेशनों पर ठहराव होगा।नई रेल सेवा से दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही सतना, रीवा और आसपास के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होने से क्षेत्र में पर्यटन और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

1100 सुहागिनों का पूजन कर भेंट किया मां का श्रृंगार

जबलपुर। दशहरा पर्व पर मदन महल कालीमठ स्थित श्री मिश्रा सदन में समाजसेवी अमित मिश्रा द्वारा पारंपरिक सुहागले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1100 सुहागिन महिलाओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर उन्हें मां भगवती के श्रृंगार स्वरूप उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यामिनी जगत बहादुर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहे। आयोजन में अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। अमित मिश्रा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम नारी सम्मान, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव मजबूत होता है। उपस्थित अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना की।



जीरो वेस्ट पद्धति से हुआ दुर्गा भंडारा

जबलपुर। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत नगर निगम की 'स्वच्छ पर्व, हरित पर्व' पहल के अंतर्गत तिलहरी स्थित राजुल टाउनशिप संयुक्त दुर्गा उत्सव समिति ने जीरो वेस्ट पद्धति से भंडारे का आयोजन किया।समिति अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित भंडारे में डिस्पोजेबल दोना-पत्तल के स्थान पर प्लेटों तथा प्लास्टिक गिलास की जगह स्टील के गिलास का उपयोग किया गया। कचरे के उचित संग्रहण के लिए आयोजन स्थल पर जगह-जगह डस्टबिन रखे गए। श्रद्धालुओं के लिए नगर निगम द्वारा टैंकर से पेयजल की व्यवस्था भी की गई।इस पहल के माध्यम से धार्मिक आयोजनों में स्वच्छता बनाए रखने, एकल उपयोग प्लास्टिक से बचने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नगर निगम का उद्देश्य जनसहभागिता से धार्मिक आयोजनों को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं कचरा मुक्त बनाना है।



अदिति कुमार को एमए कथक की उपाधि

जबलपुर। सुरप्रभा संगीत महाविद्यालय, जबलपुर की छात्रा अदिति कुमार को एमए कथक की मेरिट सूची में छठवां स्थान प्राप्त करने पर ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अदिति संगीत गुरु मोती शिवहरे के मार्गदर्शन में कथक का अध्ययन कर रही हैं तथा नवरंग कथक कला केंद्र से भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों एवं कला जगत में हर्ष का माहौल है। अदिति की माता विनीता पैगवार शासकीय विद्यालय में शिक्षिका होने के साथ साहित्यकार भी हैं, जबकि पिता डॉ. अनिल कुमार कोरी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर में विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उप प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

कथक नृत्यांगना गज़ल शिवहरे सम्मानित

जबलपुर। राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के दीक्षांत समारोह में कथक नृत्यांगना गज़ल शिवहरे को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने एमए कथक की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपने संस्थान और शहर का नाम रोशन किया। वर्तमान में गज़ल पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, एसटीसी, जबलपुर में नृत्य शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कथक की शिक्षा गुरु मोती शिवहरे के मार्गदर्शन में प्राप्त की। अपनी उपलब्धि पर गज़ल ने कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण उनके गुरुदेव के अमूल्य मार्गदर्शन तथा माता-पिता के आशीर्वाद और तपस्या का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर कला जगत में हर्ष है।

मुख्य दशहरा चल समारोह में शामिल हुए लोक निर्माण मंत्री

जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तीन पत्ती चौक पर आयोजित मुख्य दशहरा चल समारोह में शामिल हुए। मुख्य दशहरा चल समारोह में सर्वप्रथम गोविंदगंज रामलीला समिति की मनोहारी झांकियां निकलीं। तत्पश्चात लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह एवं सभी जनप्रतिनिधियों ने श्रीराम जी का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मुख्य दशहरा चल समारोह प्रारंभ हुआ।इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया एवं डॉ. अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आत्मिका सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर, महामंत्री पंकज दुबे एवं रंजीत पटेल, वरिष्ठ नेता कमलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक विनय सक्सेना तथा नगर निगम के समस्त एमआईसी सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन सूचना

I, MST NASRIN KHATUN is legally Wife of ARMY NO- 15676839H, Rank- HAV, Name- MD IBABUL MALLICK presently residing at Vill- MAHAMMADPUR, POST--SOMPARA, Teh-BERHAMPORE, Distt MURSHIDABAD, State-WEST BENGAL, PIN- 742163 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम NASRIN KHATUN दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम MST NASRIN KHATUN दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं. BY 563910 दिनांक 21-10-26 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम
NASRIN KHATUN
सही नाम
MST NASRIN KHATUN

CHANGE OF NAME

I, **RAVINA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **4584049A** Rank **HAV** Name **ATIP KUMAR** presently, residing at **VILL - FUTARA, PO - CHHINDA, TEH-PARASIA, DISTT- CHHINDWARA (MP)-4870 6139 0998** I, have changed of my name from **RAVINA** (Name as per my Husband, Army service records) to **RAVINA SURYAWANSHI** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4194 7279 9926 AND PAN CARD LDYPS9864E)** vide affidavit dated **21/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
RAVINA SURYAWANSHI
INCORRECT NAME
RAVINA

आम सूचना

मैं राजेश वासवानी पिता स्व. किशन चंद वासवानी निवासी-ग्वारीघाट, रेत नाका से आगे सुखसागर ब्लू अपार्टमेंट में निवास करता हूँ मेरा आधार नं. 675752790953 है। आज दिनांक 08.09.2026 को मैं अपने घर से मेडिकल कॉलेज किसी काम से जा रहा था, रामपुर चौक से एम.पी.वी. शक्तिनगर रोड के बीच मेरा ब्लेक कलर का बैग गिर गया, जो बहुत ढूढने पर भी नहीं मिला। बैग में मेरी बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पासबुक जिसका खाता नं. 680344060019 है एवं दो चैक जिनका चैक क्रमांक 081696 एवं 081697 है, जो मेरे बहुत जरूरी दस्तावेज है। अतः मेरी बैंक की पासबुक एवं चैक की सूचना दर्ज की जाये यदि किसी को इन दस्तवेजो की जानकारी लगती है तो मुझे सूचित किया जाये और आने वाले समय में इस क्रमांक के चैकों का कोई मिस यूज (420) ना किया जा सके इसलिये आज दिनांक 08.09.2026 के बाद चैक क्रमांक 081696 एवं 081697 को खारिज किया जाये।

दिनांक- 08.09.2026
स्थान- जबलपुर
राजेश वासवानी
मोबाईल नं. - 9109816180